Drishti IAS

# डेली करेंट क्विज़

(संग्रह)



## जून भाग-2 2023

Drishti, 641, First Floor,
Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440,
Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

## प्रश्न भाग-2

**1. भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

2. सरकार ने वर्ष 2025 तक पेट्रोल में 20% इथेनॉल सम्मिश्रण के अपने लक्ष्य को आगे बढ़ाते हुए वर्ष 2030 कर दिया है।
3. भारत ने अपने राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन के तहत वर्ष 2025-26 तक प्रति वर्ष 5 मिलियन मीट्रिक टन ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन करने का लक्ष्य भी निर्धारित किया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**2. दीनदयाल दिव्यांग पुनर्वास योजना (DDRS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।
2. यह उन छात्रों को सीधे वित्तीय सहायता प्रदान करती है जो दिव्यांग हैं और पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं।
3. "दिव्यांग व्यक्तियों के लिये स्वैच्छिक कार्रवाई को बढ़ावा देने की योजना" को संशोधित किया गया और इसका नाम बदलकर DDRS कर दिया गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. उपरोक्त तीनों
D. उपरोक्त में से कोई नहीं

**3. जैव उत्तेजक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह सीधे पोषक तत्त्व प्रदान किये बिना पौधों की प्रक्रियाओं को प्रोत्साहित करने का काम करते हैं।
2. यह कीटनाशकों या पौधों के विकास नियामकों से भिन्न हैं जो कीटनाशक अधिनियम, 1968 के अंतर्गत आते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**4. हाल ही में चर्चा में रहा सिंहभूम क्रेटन, निम्नलिखित में से भारत के किस भाग में स्थित है?**

A. छोटा नागपुर का पठार
B. अरावली पर्वतमाला
C. पश्चिमी घाट
D. पश्चिमी हिमालय

**5. अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एकमात्र त्रिपक्षीय संयुक्त राष्ट्र (UN) संस्था है।
2. इसकी स्थापना वर्साय की संधि द्वारा राष्ट्र संघ की एक संबद्ध संस्था के रूप में की गई थी।
3. यह वर्ष 1946 में संयुक्त राष्ट्र की पहली संबद्ध विशेष संस्था बनी।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नही

**6. वैभव ( VAIBHAV ) योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वैभव शिखर सम्मेलन का आयोजन भारतीय STEMM डायस्पोरा को भारतीय संस्थानों से जोड़ने हेतु समर्पित एक कार्यक्रम के रूप में किया गया था।
2. STEMM विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, गणित और चिकित्सा में भारतीय डायस्पोरा को संदर्भित करता है।
3. फैलोशिप भारतीय मूल के उत्कृष्ट वैज्ञानिकों और प्रौद्योगिकीविदों (अनिवासी भारतीय (NRI)/भारतीय मूल के व्यक्ति (PIO)/ भारत के प्रवासी नागरिक (OCI) हेतु उपलब्ध है जो सक्रिय रूप से अपने संबंधित देशों में अनुसंधान गतिविधियों में संलग्न हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई भी नहीं

**7. 'पोषण ट्रैकर एप' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एक राष्ट्र एक आँगनवाड़ी कार्यक्रम के तहत पोषण ट्रैकर एप का उपयोग कर प्रवासी श्रमिकों को पंजीकृत किया गया है।
2. पोषण ट्रैकर प्रबंधन एप्लीकेशन आँगनवाड़ी केंद्र की गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी अथवा 360 डिग्री दृश्य प्रदान करता है।
3. जिन प्रवासी श्रमिकों ने अपने मूल राज्य में पंजीकरण कराया है, वे एप के माध्यम से प्रदान की जाने वाली योजनाओं और सेवाओं का उपयोग करने के लिये अपने वर्तमान निवास स्थान के निकटतम आँगनवाड़ी केंद्रों में जा सकते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A.केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई भी नहीं

**8. मेयॉन ज्वालामुखी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इंडोनेशिया में मेयॉन ज्वालामुखी अपनी ढलानों से लावा उगल रहा है जिस कारण एक हिंसक और जानलेवा विस्फोट की स्थिति उत्पन्न हो गई है।
2. इसका नाम सुंदर महिला के लिये उपयोग होने वाला स्थानीय शब्द दारागांग मेयॉन से लिया गया है।
3. यह पैसिफिक रिंग ऑफ फायर क्षेत्र में स्थित है, जो प्रशांत महासागर के बेसिन में एक प्रमुख क्षेत्र है जहाँ बड़ी संख्या में भूकंप और ज्वालामुखी विस्फोट होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**नोट :**

**9 . आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 (ECA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 1955 का ECA केंद्र सरकार हेतु एक तंत्र के रूप में कार्य करता है जो विभिन्न प्रकार की वस्तुओं से जुड़ी व्यापार गतिविधियों पर नियंत्रण प्रदान करके राज्य सरकारों को मुद्रास्फीति को रोकने में सशक्त बनाता है।
2. यह अधिनियम केंद्र सरकार को अधिनियम की अनुसूची से किसी वस्तु को जोड़ने या हटाने की शक्ति देता है।
3. किसी वस्तु को आवश्यक घोषित करने के बाद भी सरकार उस वस्तु के उत्पादन, आपूर्ति और वितरण को नियंत्रित नहीं कर सकती है एवं न ही स्टॉक सीमा लगा सकती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**10. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. CBI, DSPE अधिनियम, 1946 के अंतर्गत कार्य करती है। यह न तो संवैधानिक है और न ही वैधानिक निकाय है।
2. CBI की स्थापना कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के एक संकल्प द्वारा की गई थी और बाद में इसे गृह मंत्रालय में स्थानांतरित कर दिया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**11. भारत अवसंरचना परियोजना विकास वित्तपोषण (India Infrastructure Project Development Fund-IIPDF) योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह वर्तमान में एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना के रूप में प्रशासित है।
2. यह ब्याज मुक्त ऋण के रूप में प्रायोजक प्राधिकरण को परियोजना विकास व्यय का 50% तक योगदान देता है।
3. यह एक अनुमोदन समिति द्वारा प्रशासित होता है जिसका अध्यक्ष आर्थिक कार्य विभाग का संयुक्त सचिव होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**12. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अमेरिका और भारत के बीच उच्च ब्याज दर का अंतर अमेरिका एवं भारत को विदेशी निवेशकों के लिये एक आकर्षक विकल्प बनाता है।
2. भारत में उच्च आयातित मुद्रास्फीति (आयातित वस्तुओं की कीमत)।
3. भारत के ऋण और इक्विटी बाज़ारों से उच्च पूंजी का बहिर्वाह तथा भारत के लिये परिसंपत्ति की कीमतों में गिरावट।

**अमेरिकी फेडरल रिज़र्व की नीतिगत दरों में वृद्धि के लिये उपर्युक्त में से कौन-से परिणाम सही हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

**13. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसके तहत प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से देश भर के किसानों के परिवारों के बैंक खातों में प्रति चार महीने में तीन समान किस्तों में 6000/- रुपए का वित्तीय लाभ अंतरित किया जाता है।
2. यह भारत सरकार द्वारा 100% वित्तपोषण के साथ एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।
3. यह योजना केवल 2 हेक्टेयर तक की भूमि वाले लघु और सीमांत किसानों पर लागू होती है।

**उपर्युक्त कथनों में कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई भी नहीं

**14. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. गांधी शांति पुरस्कार भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया जाता है।
2. गांधी शांति पुरस्कार राष्ट्रीयता और भाषा के भेदभाव के बिना सभी व्यक्तियों को दिया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**15 . ब्रेन वेंट्रिकल्स द्वारा किये जाने वाले कार्यों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ब्रेन वेंट्रिकल्स मस्तिष्क के भीतर गुहाएँ हैं जो सेरेब्रोस्पाइनल फ्लूइड (CSF) का उत्पादन और भंडारण करती हैं।
2. वे अपशिष्टों को निकालने तथा मस्तिष्क में पोषक तत्त्वों को पहुँचाने का कार्य करती हैं।
3. निलय मस्तिष्क के भीतर उचित दबाव बनाए रखने में मदद करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**16. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?**

A. भारत में अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) की उन्नति हेतु विशेष प्रावधान करने की राज्य की शक्ति भारतीय संविधान के अनुच्छेद 15(4) द्वारा समर्थित है।
B. 103वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 2019 राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (NCBC) को संवैधानिक दर्जा प्रदान करता है।
C. वर्ष 1953 में स्थापित काका कालेलकर आयोग को प्रथम पिछड़ा वर्ग आयोग के नाम से भी जाना जाता है।
D. उपर्युक्त में से कोई भी नहीं।

**17. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NSIL भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) की व्यावसायिक शाखा है, इसकी स्थापना अंतरिक्ष विभाग के प्रशासनिक देख-रेख में की गई थी।
2. NSIL का मुख्यालय कर्नाटक के बंगलूरू में है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**18. निम्नलिखित में से कौन-सा बॉन चैलेंज का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. वर्ष 2025 तक प्रवासी प्रजातियों के 50% से अधिक आवासों को पुनर्जीवित करने का वैश्विक प्रयास।
B. वर्ष 2027 तक उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोगों (NTD) को कम-से-कम 70% तक खत्म करने का वैश्विक प्रयास।
C. वर्ष 2030 तक प्रत्येक देश के लिये प्रतिवर्ष कम-से-कम 5 गंभीर रूप से लुप्तप्राय प्रजातियों के संरक्षण का वैश्विक प्रयास।
D. वर्ष 2030 तक विश्व में क्षरित तथा वनों की कटाई वाली भूमि को बहाल करने का वैश्विक प्रयास।

**19. आदित्य L1 मिशन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह सूर्य का अध्ययन करने वाला पहला अंतरिक्ष आधारित भारतीय मिशन होगा।
2. यह फोटोस्फीयर और क्रोमोस्फीयर का अवलोकन करेगा जो सूर्य की बाहरी परत हैं।
3. सोलर अल्ट्रावायलेट इमेजिंग टेलीस्कोप (SUIT) इसरो और ब्राजीलियाई अंतरिक्ष एजेंसी के बीच एक सहयोगी परियोजना है जिसे आदित्य एल1 में एकीकृत किया जाएगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**20. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत, मैक्सिको और चीन वर्ष 2022 में प्रेषण के शीर्ष तीन प्राप्तकर्त्ताओं के रूप में उभरे हैं।
2. भारत के प्रेषण का 35% से अधिक केवल अमेरिका में उच्च कुशल भारतीय प्रवासियों से प्राप्त होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**21. जगन्नाथ पुरी मंदिर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस मंदिर को "व्हाइट पैगोडा" के रूप में जाना जाता है और यह चारधाम तीर्थ यात्रा का हिस्सा है।
2. यह कलिंग वास्तुकला का एक शानदार उदाहरण है, जो घुमावदार मीनारों, जटिल नक्काशी और अलंकृत मूर्तियों की विशेषता से युक्त है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**22. भारत में बलात्कार से संबंधित कानूनों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. POCSO अधिनियम के तहत सहमति की आयु को बढ़ाकर 18 वर्ष कर दिया गया और 18 वर्ष से कम उम्र के लोगों के लिये किसी भी प्रकार के यौन गतिविधियों को आपराध की श्रेणी में सूचीबद्ध कर दिया गया, भले ही दो नाबालिगों के बीच सहमति हो।
2. इस अधिनियम के तहत बलात्कार की न्यूनतम सज़ा को सात वर्ष से बढाकर दस वर्ष कर दिया गया।
3. दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 357A के रूप में एक नया प्रावधान पेश किया गया है, यह पीड़ित के लिये मुआवज़े से संबंधित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने कथन सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई भी नहीं

**23. mRNA टीकों के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही हैं ?**

1. यह प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया उत्पन्न करने के लिये मैसेंजर RNA (mRNA) नामक अणु की एक प्रति का उपयोग करता है।
2. ये शरीर में बैक्टीरिया या वायरस का एक हानिरहित अंश बनाते हैं जिससे प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया शुरू हो जाती है।
3. वितरण से पहले mRNA टीकों को अल्ट्रा-कोल्ड स्टोरेज की आवश्यकता होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**24. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लेप्टोस्पायरोसिस वायरस के कारण होने वाली बीमारी है जो मुख्य रूप से संक्रमित जानवरों के मूत्र में पाई जाती है।
2. यह सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, बुखार, फेफड़ों में रक्तस्राव या मेनिन्जाइटिस जैसे लक्षण उत्पन्न कर सकती है।
3. लेप्टोस्पायरोसिस सामान्यत: मानव से मानव में नहीं फैलता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**25. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बेटेलगेस ओरियन के तारामंडल में दूसरा सबसे चमकीला तारा है।
2. वर्ष 2022 तक 88 मान्यता प्राप्त नक्षत्रों को अंतर्राष्ट्रीय खगोलीय संघ (IAU) द्वारा परिभाषित और स्थापित किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

**26. पाषाण युग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नवपाषाण युग को पाषाण युग के अंतिम चरण के रूप में जाना जाता है, इस युग में खाद्य उत्पादन की शुरुआत हुई।
2. मेसोलिथिक युग को प्लीस्टोसीन काल से होलोसीन काल तक संक्रमण और जलवायु में अनुकूल परिवर्तनों द्वारा चिह्नित किया गया है।
3. सेडेंटिज़्म (लंबे समय तक एक ही स्थान पर रहना), मिट्टी के बर्तनों का उपयोग और शिल्प का आविष्कार नवपाषाण युग की विशिष्ट विशेषताएँ हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**27. हाल ही में समाचारों में देखे गए फोनॉन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये कंपन ऊर्जा के पैकेट हैं और इन्हें ध्वनि के क्वांटम समकक्ष माना जा सकता है।
2. फोटॉन की तरह फोनॉन संभावित रूप से क्वांटम कंप्यूटिंग (क्यूबिट्स) में सूचना की इकाइयों के रूप में काम कर सकते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**28. सरकार द्वारा शुरू की गई निम्नलिखित पहलों पर विचार कीजिये:**

1. मानस मोबाइल एप
2. मनोदर्पण पहल
3. किरण हेल्पलाइन

**उपर्युक्त में से कितने मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**29. वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक की गणना के लिये विश्व आर्थिक फोरम द्वारा नीचे दिये गए कौन-से मापदंडों का उपयोग किया जाता है ?**

1. आर्थिक भागीदारी और अवसर
2. शिक्षा का अवसर
3. स्वास्थ्य एवं उत्तरजीविता
4. राजनीतिक सशक्तीकरण

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**नोट :**

**30. जीरा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक सुगंधित मसाला है और इसका उपयोग व्यंजनों को स्वादिष्ट बनाने के लिये किया जाता है।
2. ऐसा माना जाता है कि भारत में जीरा की उत्पत्ति भूमध्य सागर से हुई है।
3. यह एक रबी फसल है, इसके लिये नमी रहित मध्यम ठंडी और शुष्क जलवायु की आवश्यकता होती है।

**4. कुल उत्पादन में लगभग 70% भागीदारी के साथ भारत विश्व भर में जीरे का सबसे बड़ा उत्पादक है।**

**उपर्युक्त कथनों में कितने सही हैं/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी कथन

**31 . 'UNDP और DAY-NULM समझौते' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) और दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) ने भारत में महिला उद्यमियों के सशक्तीकरण को बढ़ाने हेतु समझौता किया है।
2. यह परियोजना शुरुआती चरण में आठ शहरों को शामिल करेगी और वर्ष 2025 से आगे विस्तार की संभावना के साथ तीन वर्षों तक जारी रहेगी।
3. इस समझौते के हिस्से के रूप में परियोजना को देखभाल अर्थव्यवस्था, डिजिटल अर्थव्यवस्था, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, अपशिष्ट प्रबंधन, खाद्य पैकेजिंग और अन्य पर केंद्रित किया जा रहा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**32. "भारत में सबमरीन केबल लैंडिंग के लिये लाइसेंसिंग ढाँचा और नियामक तंत्र" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. "भारत में सबमरीन केबल लैंडिंग के लिये लाइसेंसिंग ढाँचा और नियामक तंत्र" भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण द्वारा जारी किया गया है।
2. केबल लैंडिंग स्टेशन (CLS) 'उपस्थिति बिंदु' को वैध अवरोधन की अनुमति एवं अपेक्षित सुरक्षा अभ्यास को पूरा करने की आवश्यकता है।
3. TRAI ने भारतीय दूरसंचार विधेयक, 2022 में "सबमरीन केबल" और "केबल लैंडिंग स्टेशन" से संबंधित एक अनुच्छेद को शामिल करने की सिफारिश की है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं ?**

(A) केवल एक
(B) केवल दो
(C) सभी तीन
(D) कोई भी नहीं

**33. प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग (CCI) को प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 के तहत कोल इंडिया लिमिटेड (CIL) के आचरण की जाँच करने का अधिकार है।
2. प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002, भारतीय बाज़ार में प्रतिस्पर्द्धा को नियंत्रित करता है और प्रतिस्पर्द्धा-विरोधी प्रथाओं पर रोक लगाता है।
3. प्रतिस्पर्द्धा अपीलीय न्यायाधिकरण भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग के किसी भी नियम, निर्णय या आदेश के खिलाफ अपील सुनने और विनियमित करने के लिये प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 के अनुसार बनाई गई एक वैधानिक संस्था है।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D.इनमें से कोई नहीं

**34. माया सभ्यता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. माया मैक्सिको और मध्य अमेरिका के मूल निवासी हैं।
2. माया की उत्पत्ति लगभग 250 ई.पू. शुरू हुई, जो लगभग 900 ई.पू. तक चली।
3. आर्द्रभूमियों से घिरा ऊँचा भू-भाग, सभ्यता के एक एक विशिष्ट और रणनीतिक स्थान के प्रतिरूप की जानकारी देता है।

**उपर्युक्त में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. उपरोक्त सभी

**35. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. F414 इंजन दोहरे चैनल फुल अथॉरिटी डिजिटल इंजन कंट्रोल (FADEC) है।
2. DRDO ने LCA तेजस Mk2 के लिये इंजन के भारत-विशिष्ट संस्करण का चयन किया है, जिसे F414-INS6 के नाम से भी जाना जाता है।
3. LCA तेजस Mk2 में एक साथ आठ बियॉन्ड-विज़ुअल-रेंज (BVR) मिसाइलों को ले जाने की क्षमता है।

**उपर्युक्त में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**36. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. समुद्री शैवाल मैक्रो-एल्गी हैं जो चट्टान अथवा अन्य सब्सट्रेट होते हैं और ये तटीय क्षेत्रों में पाए जाते हैं।
2. इनका उपयोग सुपरकैपेसिटर विकसित करने के लिये किया जा सकता है।
3. समुद्री शैवाल शैवाल प्रस्फुटन को नियंत्रित करने में सहायक होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई भी नहीं

**37. एक ज़िला एक उत्पाद पहल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे पहली बार उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राज्य के प्रत्येक ज़िले में पारंपरिक उद्योगों और शिल्प को बढ़ावा देने के लिये वर्ष 2018 में लॉन्च किया गया था।
2. विदेश व्यापार महानिदेशालय (DGFT) ने भी निर्यात को बढ़ावा देने के लिये ज़िलों को ODOP के साथ एक निर्यात हब पहल के रूप में संरेखित किया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**38. भारत में मत्स्य पालन क्षेत्र की स्थिति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत विश्व में जलीय कृषि के रूप में मछली का दूसरा प्रमुख उत्पादक है।
2. भारत विश्व में मछली का चौथा सबसे बड़ा निर्यातक है।
3. भारत विश्व में अंतर्देशीय मछली उत्पादन में प्रथम स्थान पर और समग्र मछली उत्पादन में तृतीय स्थान पर है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**39 . पीएम-किसान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. केंद्र सरकार प्रत्येक वर्ष किसानों की भूमि जोत के आकार के आधार पर राशि हस्तांतरित करती है।
2. यह एक केंद्रीय क्षेत्रक योजना है।
3. किसानों को उनकी मूल भाषा में जानकारी प्रदान करने हेतु पीएम-किसान को 'भाषिनी' के साथ भी एकीकृत किया जा रहा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**40. हाल ही में समाचारों में देखा गया कैनरी द्वीप निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है ?**

A. स्पेन

B. इटली

C. बेलोरूस

D. पोलैंड

**41. क्रोनिक माइलॉयड ल्यूकेमिया (CML) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह असामान्य श्वेत रक्त कोशिकाओं, जिन्हें माइलॉयड कोशिकाएँ कहा जाता है, की अनियंत्रित वृद्धि की विशेषता है।
2. यद्यपि शुरुआती चरणों में प्राय: इसका पता चल जाता है, लेकिन CML काफी तेज़ी से बढ़ता है, जिससे उपचार चुनौतीपूर्ण हो जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

**42. ग्लोबल लिवेबिलिटी इंडेक्स 2023 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह यूएन-हैबिटेट द्वारा जारी किया गया था।
2. वर्ष 2023 संस्करण में स्वीडन के गोथेनबर्ग को पहले रैंक के साथ सबसे रहने योग्य शहर का दर्जा दिया गया है।
3. बंगलूरू भारत का एकमात्र शहर है जिसने शीर्ष 100 में स्थान बनाया है।

**उपर्युक्त कथनों में कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई भी नहीं

**43. 'ऑर्डर ऑफ द नाइल' पुरस्कार निम्नलिखित में से किस देश से संबंधित है ?**

A. मिस्र
B. इथियोपिया
C. सूडान
D. दक्षिण सूडान

**44 . निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. केंद्र साहित्य अकादमी बाल साहित्य पुरस्कार वर्ष 2023 एक मलयालम उपन्यास को प्रदान किया गया।
2. साहित्य अकादमी पुरस्कार की स्थापना वर्ष 1954 में की गई थी और यह पुरस्कार प्रतिवर्ष 24 भाषाओं के लिये दिया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. ना तो 1 और न ही 2

**45. चोल साम्राज्य के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. साम्राज्य की स्थापना राजराज चोल ने पल्लवों को हराने के बाद की थी।
2. चोल साम्राज्य को प्रांतों में विभाजित किया गया था जिन्हें मंडलम के नाम से जाना जाता था जिन्हें आगे नादुस नामक ज़िलों में विभाजित किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**46. सिमलीपाल बायोस्फीयर रिज़र्व के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये':**

1. सिमलीपाल बायोस्फीयर रिज़र्व यूनेस्को वर्ल्ड नेटवर्क ऑफ बायोस्फीयर रिज़र्व का हिस्सा है।
2. इस रिज़र्व के जंगलों में एरेंगा खारिया और मैनकिर्डियास नाम की दो जनजातियाँ निवास करती हैं।
3. यह बायोस्फीयर रिज़र्व दो अलग-अलग जैव-भौगोलिक क्षेत्रों में स्थित है- ओरिएंटल क्षेत्र का महानादियन पूर्वी तटीय क्षेत्र और दक्कन प्रायद्वीपीय क्षेत्र का छोटानागपुर बायोटिक प्रांत।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई नहीं

**47. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यूकैरियोट्स ऐसे जीव हैं जिनमें वास्तविक नाभिक और झिल्ली से बँधे कोशिकांग का अभाव होता है।
2. प्रोकैरियोट्स की मुख्य विशेषताओं में केंद्रक वाली बड़ी जटिल कोशिकाएँ और विभिन्न कोशिकांग शामिल हैं।
3. एंडोसिंबायोसिस एक ऐसी प्रक्रिया है जहाँ एक जीव दूसरे जीव के अंदर रहता है और दोनों को इस संबंध से लाभ होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**48. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पल्सर एक अत्यधिक चुंबकीय घूर्णन करने वाला न्यूट्रॉन तारा है जो अपने चुंबकीय ध्रुवों से विद्युत चुंबकीय विकिरण की किरणें उत्सर्जित करता है।
2. क्वासर बहुत दूर स्थित आकाशगंगाओं में सबसे चमकदार पिंड हैं जो रेडियो आवृत्तियों पर धारा उत्सर्जित करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. ना तो 1 और न ही 2

**49 . मांस उत्पादन के लिये कोशिका-संवर्द्धित तकनीक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पशुधन उत्पादन से जुड़े ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के लिये प्रयोगशालाओं में तैयार किया जाने वाला मांस एक संभावित समाधान व विकल्प प्रदान करता है।
2. पारंपरिक मांस उत्पादन विधियों की तुलना में कोशिका-संवर्द्धित मांस के लिये अधिक भूमि की आवश्यकता होती है।
3. सिंगापुर ऐसा पहला देश था जिसने वर्ष 2020 में वैकल्पिक मांस की बिक्री को मंज़ूरी दी थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. उपरोक्त में से कोई नहीं

**50. राष्ट्रीय अंग प्रत्यारोपण दिशा-निर्देशों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. दिशा-निर्देश राज्यों को उन रोगियों से पंजीकरण शुल्क लेने की अनुमति देते हैं जो अंग प्राप्तकर्त्ता प्रतीक्षा सूची में पंजीकृत होना चाहते हैं।
2. दिशा-निर्देशों ने अंग प्राप्तकर्त्ता के रूप में पंजीकरण करने के लिये अधिवास की आवश्यकता को हटा दिया है।
3. उन्होंने ऊपरी आयु सीमा हटा दी है क्योंकि लोग अब अधिक समय तक जीवित रह रहे हैं।

नोट :

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं??**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
d. उपरोक्त में से कोई नहीं

**51. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. रानी दुर्गावती ने गोंड जनजाति में विवाह किया तथा अपने पति की मृत्यु के बाद गढ़-कटंगा राज्य पर शासन किया।
2. रानी दुर्गावती ने 16वीं शताब्दी के मध्य में अकबर के शासनकाल के दौरान मुगल विस्तार के विरुद्ध लड़ाई लड़ी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**52. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. टाइटेनियम स्टील के समान मज़बूत होता है लेकिन स्टील की तुलना में इसका वज़न हल्का होता है।
2. टाइटेनियम की तुलना में मिश्रित कार्बन-फाइबर अधिक कठोर होता है और इसमें समान प्रकार की लोच नहीं होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**53. राज्यों को वर्ष 2023-24 के लिये पूंजी निवेश में विशेष सहायता योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. योजना के तहत राज्य सरकारों को वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 50 वर्ष तक के ब्याज मुक्त ऋण के रूप में विशेष सहायता प्रदान की जा रही है।
2. इस योजना के आठ भाग हैं, जिसमें भाग-I, 1 लाख करोड़ रुपए के आवंटन के साथ सबसे बड़ा है।
3. वित्त मंत्रालय के अधीन व्यय विभाग ने वित्त वर्ष में हर राज्य के लिये इस योजना को स्वीकृति दे दी है।

**उपर्युक्त कथनों में कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**54. सहायक प्रजनन प्रौद्योगिकी (ART) विनियम अधिनियम, 2021 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अंडाणु दाता एक विवाहित महिला होनी चाहिये और उसका अपना कम-से-कम एक जीवित बच्चा होना चाहिये।
2. ART सेवाओं को विनियमित करने का कार्य सरोगेसी अधिनियम, 2021 के तहत गठित राष्ट्रीय और राज्य बोर्ड द्वारा किया जाएगा।
3. एक अंडाणु दाता अपने जीवनकाल में केवल एक बार दान कर सकती है।

**उपर्युक्त कथनों में कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई भी नहीं

नोट :

**55. कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कंपनी अधिनियम 2013 केअंतर्गत CSR प्रावधान 1,000 करोड़ या उससे अधिक के वार्षिक कारोबार वाली कंपनियों पर लागू होते हैं।
2. एक्वायर्ड इम्यून डेफिशियेंसी सिंड्रोम (AIDS) से लड़ना, कुपोषण और विरासत स्थलों की सुरक्षा उन गतिविधियों में से हैं जो CSR के अंतर्गत शामिल हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. ना तो 1 और न ही 2

**56. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. MSME क्षेत्र भारत के कुल निर्मित वस्तुओं का 45% उत्पादन करता है तथा कुल निर्यात का 50% से अधिक उत्पाद बनाता है।
2. संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, MSME का वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में आधा हिस्सा है।
3. 27 जून को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय लघु, कुटीर एवं मध्यम उपक्रम दिवस के रूप में नामित किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**57. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत का सरकारी ई-मार्केटप्लेस (GeM) दुनिया का सबसे बड़ा वन-स्टॉप ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल है।
2. उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय GeM पोर्टल को संचालित करने वाला नोडल मंत्रालय है।
3. GeM पोर्टल के तहत विक्रेताओं के लिये GeM पर सभी नए उत्पादों को पंजीकृत करते समय 'मूल देश' का उल्लेख करना अनिवार्य है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**58. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. केदारनाथ धाम मंदाकिनी नदी के तट पर स्थित है।
2. बद्रीनाथ धाम वैष्णवों के पवित्र तीर्थस्थलों में से एक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

**59. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के अंतर्गत किसी भी नागरिक को धर्म की परवाह किये बिना विवाह करने की अनुमति है।
2. सर्वोच्च न्यायालय (SC) ने सरला मुदगल केस, 1995 में समान नागरिक संहिता (UCC) की आवश्यकता की सिफारिश की थी।
3. विवाह, तलाक, विरासत जैसे पर्सनल लॉ विषय समवर्ती सूची (संविधान की 7वीं अनुसूची) के अंतर्गत आते हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं??**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नही

**60. मुद्रास्फीति से संबंधित शब्दों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

A. अपस्फीति उस प्रवृत्ति को संदर्भित करती है जब मुद्रास्फीति की दर कम हो जाती है।
B. अवस्फीति वस्तुओं एवं सेवाओं की कीमतों में एक सामान्य गिरावट है जो अर्थव्यवस्था में धन और ऋण की आपूर्ति में संकुचन से संबंधित है।
C. पुन: मुद्रास्फीति से तात्पर्य है जब नीति निर्माता अधिक सरकारी खर्च और/या ब्याज दरें कम करके आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने की कोशिश करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**61. भारत के महत्त्वपूर्ण खनिजों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. महत्त्वपूर्ण खनिज वे खनिज हैं जो आर्थिक विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये आवश्यक हैं।
2. एंटीमनी, बेरिलियम, बिस्मथ, कोबाल्ट, कॉपर, गैलियम महत्त्वपूर्ण खनिजों की श्रेणी में आते हैं।
3. महत्त्वपूर्ण खनिजों के लिये उत्कृष्टता केंद्र (CECM) के निर्माण खनिजों की सूची का अद्यतन करते हैं।

**उपरोक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**62. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत दूध उत्पादन में प्रथम स्थान पर है, वैश्विक दूध उत्पादन का 23% हिस्सा भारत का है।
2. विश्व स्तर पर भारत अंडा उत्पादन में तीसरे और मांस उत्पादन में 8वें स्थान पर है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**63. स्टार्टअप्स से संबंधित शर्तों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यूनिकॉर्न का तात्पर्य वर्ष 2000 के बाद 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर के मूल्यांकन के साथ स्थापित स्टार्टअप से है।
2. गज़ेल्स ऐसे स्टार्टअप हैं जिनके अगले तीन वर्षों में यूनिकॉर्न बनने की सबसे अधिक संभावना है।
3. चीता वे स्टार्टअप हैं जो अगले पाँच वर्षों में यूनिकॉर्न बन सकते हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**64. निम्नलिखित में से किस देश की सीमा तंज़ानिया से नहीं लगती ?**

A. अंगोला
B. केन्या
C. कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य
D. मोज़ाम्बिक

**65. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | **राज्य और केंद्रशासित प्रदेश** | **मुख्य त्योहार** |
|---|---|---|
| 1. | नगालैंड | हॉर्नबिल यात्रा |
| 2. | आंध्रप्रदेश | खर्ची पूजा |
| 3. | त्रिपुरा | उगादि |
| 4. | गुजरात | उत्तरायण |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. केवल चार

## व्याख्या भाग-2

1

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**इथेनॉल सम्मिश्रण और E20 ईंधन:**

- परिचय:
  - इथेनॉल एक कृषि उप-उत्पाद है जो मुख्य रूप से गन्ने से चीनी के प्रसंस्करण से प्राप्त होता है, लेकिन यह चावल की भूसी या मक्का जैसे अन्य स्रोतों से भी प्राप्त होता है।
    - वाहन चलाते समय कम जीवाश्म ईंधन जलाने के लिये पेट्रोल के साथ इथेनॉल का सम्मिश्रण इथेनॉल सम्मिश्रण कहलाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - E20 ईंधन यानी 20% इथेनॉल और 80% पेट्रोल का मिश्रण। E20 को भारत के प्रधानमंत्री द्वारा फरवरी 2023 में बंगलूरू में लॉन्च किया गया था। यह पायलट परियोजना कम-से-कम 15 शहरों को कवर करती है तथा इसे चरणबद्ध तरीके से पूरे देश में लागू किया जाएगा।

नोट :

- भारत ने पेट्रोल में इथेनॉल सम्मिश्रण को वर्ष 2013-14 के 1.53% से बढ़ाकर वर्ष 2022 में 10.17% कर दिया है।
  - सरकार ने वर्ष 2025 तक पेट्रोल में 20% इथेनॉल सम्मिश्रण के अपने लक्ष्य को आगे बढ़ाते हुए वर्ष 2030 कर दिया है।

**ग्रीन हाइड्रोजन:**

- परिचय:
  - ग्रीन हाइड्रोजन अक्षय ऊर्जा का उपयोग करके जल के इलेक्ट्रोलिसिस द्वारा निर्मित होता है।
  - इसे ऊर्जा का सबसे स्वच्छ रूप माना जाता है, क्योंकि इसका उपयोग करने पर यह ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन नहीं करता है।
    - अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA) के अनुसार, भारत में हरित हाइड्रोजन उत्पादन में अग्रणी और महाशक्ति बनने की क्षमता है।
    - भारत ने अपने राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन के तहत वर्ष 2025-26 तक प्रतिवर्ष 5 मिलियन मीट्रिक टन हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करने का लक्ष्य भी रखा है। **अत: कथन 2 सही है।**

**2.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**दीनदयाल दिव्यांग पुनर्वास योजना (DDRS):**

- DDRS भारत सरकार की एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है जो वर्ष 1999 से कार्यान्वित की जा रही है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह दिव्यांग व्यक्तियों की शिक्षा और पुनर्वास के लिये काम करने वाले गैर-सरकारी संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- योजना के उद्देश्य:
  - दिव्यांग व्यक्तियों के लिये समान अवसर, समानता, सामाजिक न्याय और सशक्तीकरण सुनिश्चित करने के लिये एक सक्षम वातावरण का निर्माण करना।
  - दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिये स्वैच्छिक कार्रवाई को प्रोत्साहित करना।
- DDRS के तहत गैर-सरकारी संगठनों को दिव्यांग बच्चों/व्यक्तियों को व्यापक सेवाएँ प्रदान करने के लिये सहायता दी जा रही है, जैसे
  - प्री-स्कूल और शुरुआती कार्यक्रम
  - विशिष्ट शिक्षा
  - व्यावसायिक प्रशिक्षण और नियुक्ति
  - समुदाय आधारित पुनर्वास
  - मानव संसाधन विकास
  - मानसिक बीमारी वाले व्यक्तियों का मनो-सामाजिक पुनर्वास
  - कुष्ठ-उपचारित व्यक्तियों का पुनर्वास आदि।
- "दिव्यांग व्यक्तियों के लिये स्वैच्छिक कार्रवाई को बढ़ावा देने की योजना" को संशोधित किया गया और अप्रैल 2003 से इसे "दीनदयाल दिव्यांग पुनर्वास योजना (DDRS) नाम दिया गया। **अत: कथन 3 सही है।**

**3.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- जैव उत्तेजक पदार्थ, सूक्ष्मजीव या उनके संयोजन हैं जो पौधों में शारीरिक प्रक्रियाओं को बढ़ाते हैं, जिससे पोषक तत्त्वों की वृद्धि, उपज, पोषण दक्षता, फसल की गुणवत्ता और तनाव सहनशीलता में सुधार होता है।
  - ये सीधे पोषक तत्त्व प्रदान किये बिना पौधों की प्रक्रियाओं को प्रोत्साहित करने का काम करते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह कीटनाशकों या पौधों के विकास नियामकों से भिन्न हैं जो कीटनाशक अधिनियम, 1968 के अंतर्गत आते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

- जैव उत्तेजक के कुछ उदाहरणों में पौधों के हार्मोन, विटामिन, एंज़ाइम, ह्यूमिक अम्ल, शर्करा, समुद्री केल्प, मछली का पायस, प्रोटीन हाइड्रोलाइसेट, समुद्री शैवाल, पौधों के अर्क, चिटोसन और अन्य बायोपॉलिमर, अकार्बनिक यौगिक तथा लाभकारी रोगाणु शामिल हैं।


**4.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**सिंहभूम क्रेटन:**

- हाल के शोध ने पूर्वी भारत के सिंहभूम क्रेटन में लगभग 3.5 अरब वर्ष पूर्व निर्मित ज्वालामुखीय और तलछटी चट्टानों का अनावरण किया है।
    - सिंहभूम क्रेटन छोटा नागपुर पठार और पूर्वी घाट के बीच झारखंड तथा ओडिशा में विस्तृत है। **अतः विकल्प ( A )सही है।**




**5.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ( ILO ):**

- यह एकमात्र त्रिपक्षीय संयुक्त राष्ट्र (यूएन) संस्था है। इसमें 187 सदस्य देशों (भारत एक सदस्य है) की सरकारों, नियोक्ताओं और श्रमिकों को श्रम मानकों को निर्धारित करने तथा उनकी नीतियों को विकसित करने के साथ सभी महिलाओं एवं पुरुषों के लिये अच्छे कार्यों को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रमों को तैयार करने के लिये एक साथ लाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - वर्ष 1969 में नोबेल शांति पुरस्कार प्राप्त किया।
- इसकी स्थापना वर्साय की संधि द्वारा वर्ष 1919 में राष्ट्र संघ की संबद्ध संस्था के रूप में की गई है। **अतः कथन 2 सही है।**
- वर्ष 1946 में संयुक्त राष्ट्र की पहली संबद्ध विशेष संस्था बनी। **अतः कथन 3 सही है।**
- मुख्यालय: जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड

**नोट :**

6.

उत्तर: C

व्याख्या:

- वैभव शिखर सम्मेलन का आयोजन भारतीय STEMM डायस्पोरा को भारतीय संस्थानों से जोड़ने हेतु समर्पित एक कार्यक्रम के रूप में किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- STEMM विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, गणित और चिकित्सा में भारतीय डायस्पोरा को संदर्भित करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- फैलोशिप भारतीय मूल के उत्कृष्ट वैज्ञानिकों और प्रौद्योगिकीविदों (अनिवासी भारतीय (NRI)/भारतीय मूल के व्यक्ति (PIO)/भारत के प्रवासी नागरिक (OCI) हेतु उपलब्ध है जो सक्रिय रूप से अपने संबंधित देशों में अनुसंधान गतिविधियों में संलग्न हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

7.

उत्तर: D

व्याख्या:

- एक राष्ट्र एक आँगनवाड़ी कार्यक्रम के तहत पोषण ट्रैकर एप का उपयोग कर प्रवासी श्रमिकों को पंजीकृत किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- पोषण ट्रैकर प्रबंधन एप्लीकेशन आँगनवाड़ी केंद्र की गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी अथवा 360 डिग्री दृश्य प्रदान करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- जिन प्रवासी श्रमिकों ने अपने मूल राज्य में पंजीकरण कराया है, वे एप के माध्यम से प्रदान की जाने वाली योजनाओं और सेवाओं का उपयोग करने के लिये अपने वर्तमान निवास स्थान के निकटतम आँगनवाड़ी केंद्रों में जा सकते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

8.

उत्तर: A

व्याख्या:

- फिलीपींस में मेयॉन ज्वालामुखी अपनी ढलानों से लावा उगल रहा है, जिससे हिंसक और जानलेवा विस्फोट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसका नाम सुंदर महिला के लिये उपयोग होने वाला स्थानीय शब्द दारागांग मेयॉन से लिया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह पैसिफिक रिंग ऑफ फायर क्षेत्र में स्थित है, जो प्रशांत महासागर के बेसिन में एक प्रमुख क्षेत्र है जहाँ बड़ी संख्या में भूकंप और ज्वालामुखी विस्फोट होते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

9.

उत्तर: B

व्याख्या:

**आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955:**

- राज्य सरकारों को वस्तुओं की एक विस्तृत शृंखला से जुड़ी व्यापार गतिविधियों पर अधिकार प्रदान करके आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 केंद्र सरकार हेतु एक उपकरण के रूप में कार्य करता है ताकि उन्हें मुद्रास्फीति से निपटने के प्रयासों में सशक्त और सक्षम बनाया जा सके। **अतः कथन 1 सही है।**
- आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 केंद्र सरकार को अधिनियम की अनुसूची से वस्तुओं को शामिल करने या बाहर करने का अधिकार देता है, जिससे उनकी व्यापार गतिविधियों को विनियमित करने की शक्तियाँ प्रदान की जाती हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- आवश्यक वस्तु की घोषणा के माध्यम से सरकार इसके उत्पादन, आपूर्ति और वितरण पर नियंत्रण रखने की क्षमता प्राप्त करती है, साथ ही इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं जमाखोरी को रोकने हेतु स्टॉक सीमा लागू करती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

10.

उत्तर: A

व्याख्या:

- केंद्र सरकार और उसके प्राधिकरणों के भीतर संयुक्त सचिव या उच्चतर पद धारण करने वाले अधिकारियों द्वारा किये गए किसी अपराध की जाँच या जाँच प्रारंभ करने से पहले केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) को केंद्र सरकार की पूर्व स्वीकृति प्राप्त करना अनिवार्य है। यह पूर्वापेक्षा सुनिश्चित करती है कि CBI केंद्र सरकार और उससे संबंधित संस्थाओं के भीतर वरिष्ठ-रैंकिंग के अधिकारियों को शामिल करने वाली किसी भी तरह की पूछताछ या जाँच करने से पहले सर्वोच्च शासी निकाय से आधिकारिक सहमति प्राप्त करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- CBI की स्थापना गृह मंत्रालय द्वारा एक प्रस्ताव के माध्यम से प्रारंभ की गई थी और बाद में इसे कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में स्थानांतरित कर दिया गया, जहाँ यह वर्तमान में एक संलग्न कार्यालय के रूप में कार्य करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

11.

उत्तर: B

व्याख्या:

- भारत अवसंरचना परियोजना विकास वित्तपोषण (India Infrastructure Project Development Fund- IIPDF) को आर्थिक मामलों के विभाग (DEA), वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के प्रारंभिक कोष के साथ बनाया गया था। सार्वजनिक निजी भागीदारी (PPP) परियोजनाओं के विकास का समर्थन करने के लिये 100 करोड़ रुपए के कोष के साथ एक परिक्रामी निधि की स्थापना।
  - DEA ने वर्ष 2022-23 से 2024-25 तक तीन वर्ष की अवधि के लिये 150 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय के साथ एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना के रूप में मौजूदा फंड IIPDF का पुनर्गठन किया है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - यह परियोजना विकास लागत को पूरा करने के लिये PPP परियोजनाओं के प्रायोजक प्राधिकरणों के लिये उपलब्ध है।
- वित्तीय परिव्यय:
  - IIPDF ब्याज मुक्त ऋण के रूप में प्रायोजक प्राधिकरण को परियोजना विकास व्यय का 75% तक योगदान देगा। शेष 25% प्रायोजक प्राधिकरण द्वारा सह-वित्तपोषित किया जाएगा। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - बोली/बिडिंग (Bidding) प्रक्रिया के सफल समापन पर सफल बिडर (Bidder) से परियोजना विकास व्यय की मांग की जाएगी।
    - हालाँकि असफल बिडिंग की स्थिति में ऋण को अनुदान में परिवर्तित कर दिया जाएगा।
  - यदि किसी कारण से प्रायोजक प्राधिकरण द्वारा बोली प्रक्रिया समाप्त नहीं की जाती है, तो योगदान की गई पूरी राशि IIPDF को वापस कर दी जाएगी।
- अनुमोदन समिति (Approval Committee- AC):
  - IIPDF योजना का प्रशासन अनुमोदन समिति द्वारा किया जाता है। अनुमोदन समिति की संरचना इस प्रकार है::
    - आर्थिक कार्य विभाग का संयुक्त सचिव- अध्यक्ष, **अतः कथन 3 सही है।**
    - नीति आयोग के प्रतिनिधि
    - उप सचिव/निजी निवेश इकाई, आर्थिक कार्य विभाग- सदस्य सचिव

12.

उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में अमेरिकी फेडरल रिज़र्व नीति की बैठक ने नीति दर को 5.25% पर अपरिवर्तित रखते हुए भारत की ब्याज दरों और बाज़ारों पर अटकलों को तेज़ कर दिया है, साथ ही वर्ष 2023 के अंत तक दो दरों में बढ़ोतरी के 6% तक पहुँचने का संकेत दिया है।
- फेडरल नीति विभिन्न चैनलों/कारकों के माध्यम से भारतीय बाज़ारों को प्रभावित करती है जैसे:
  - विनिमय दर चैनल: फेडरल की दर में वृद्धि भारतीय रुपए सहित अन्य मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर को मज़बूत करती है।
    - कमज़ोर रुपया उन भारतीय उधारकर्त्ताओं के लिये ऋण सेवा लागत भी बढ़ाता है जिन्होंने विदेशी मुद्रा में ऋण लिया है।

नोट :

- पूंजी प्रवाह चैनल: फेडरल की दर में बढ़ोतरी अमेरिका और भारत के बीच ब्याज दर के अंतर को भी कम करती है जो उच्च रिटर्न की इच्छा रखने वाले विदेशी निवेशकों के लिये भारत को कम आकर्षक बनाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - इससे भारत के इक्विटी और ऋण बाज़ारों से पूंजी का बहिर्वाह हो सकता है, जिससे परिसंपत्ति की कीमतें कम हो सकती हैं और अस्थिरता बढ़ सकती है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - पूंजी का बहिर्वाह भी भारत के विदेशी मुद्रा भंडार को कम कर सकता है और घरेलू बाज़ारों में तरलता की कमी की स्थिति उत्पन्न कर सकता है।
- मुद्रास्फीति चैनल: फेडरल रिज़र्व की दर में बढ़ोतरी भी दो तरह से भारत की मुद्रास्फीति को प्रभावित कर सकती है।
  - सबसे पहले कमज़ोर रुपया भारत हेतु आयातित मुद्रास्फीति को बढ़ा सकता है, क्योंकि इससे तेल, सोना और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे आयातित वस्तुओं की लागत बढ़ जाती है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - दूसरा मज़बूत अमेरिकी मांग के कारण उच्च वैश्विक कमोडिटी की कीमतें भी भारत की घरेलू मुद्रास्फीति को बढ़ा सकती हैं, क्योंकि यह कृषि, विनिर्माण और सेवाओं जैसे विभिन्न क्षेत्रों हेतु इनपुट लागत को प्रभावित करती है।

**13.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**पीएम-किसान सम्मान निधि योजना ( PM-KISAN ):**

- परिचय:
  - इसे 1 नवंबर, 2018 को भूमि धारक किसानों की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये लॉन्च किया गया था।
- वित्तीय लाभ:
  - इसके तहत प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से देश भर के किसानों के परिवारों के बैंक खातों में प्रति चार महीने में तीन समान किस्तों में 6000/- रुपए का वित्तीय लाभ अंतरित किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- योजना का दायरा:
  - यह योजना शुरू में 2 हेक्टेयर तक की भूमि वाले लघु और सीमांत किसानों के लिये थी परंतु इस योजना का दायरा सभी आकार की भूमि वाले किसानों को कवर करने के लिये बढ़ा दिया गया था। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- वित्त पोषण और कार्यान्वयन:
  - यह भारत सरकार द्वारा 100% वित्तपोषण के साथ एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - इसका क्रियान्वयन कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है।

**14.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- अहिंसा के माध्यम से सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तन के लिये गांधी शांति पुरस्कार की स्थापना महात्मा गांधी की 125वीं जयंती के अवसर पर उनके आदर्शों और मानवता के लिये योगदान के रूप में वर्ष 1995 में की गई थी।
- इस पुरस्कार में 1 करोड़ रुपए की राशि, एक प्रशस्ति पत्र, एक पट्टिका और एक पारंपरिक हस्तकला या हथकरघा वस्तु शामिल है।
  - यह पुरस्कार भारत के राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में प्रदान किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- महत्त्व:
  - यह पुरस्कार उन व्यक्तियों, संघों, संस्थाओं या संगठनों को दिया जाता है जिन्होंने शांति, अहिंसा और मानवीय कष्टों के निवारण के लिये निस्वार्थ भाव से कार्य किया है।
  - पुरस्कार राष्ट्रीयता, नस्ल, भाषा, जाति, पंथ या लिंग के भेदभाव के बिना सभी व्यक्तियों को दिया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - पुरस्कार को दो व्यक्तियों/संस्थानों के बीच विभाजित किया जा सकता है, जिन्हें जूरी द्वारा समान रूप से योग्य माना जाता है।

15.

उत्तर: C

**व्याख्या:**

**ब्रेन वेंट्रिकल्स:**

- ब्रेन वेंट्रिकल्स मस्तिष्क के भीतर गुहाएँ हैं जो सेरेब्रोस्पाइनल फ्लुइड (CSF) का उत्पादन और भंडारण करती हैं, यह मस्तिष्क तथा रीढ़ के चारों ओर परिसंचरण करती है जो उन्हें किसी प्रकार के आघात से बचाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वे अपशिष्टों को निकालने तथा मस्तिष्क में पोषक तत्त्वों को पहुँचाने का कार्य करती हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- मस्तिष्क में चार निलय हैं:
  - पहला और दूसरा निलय पार्श्व निलय हैं। ये सी-आकार की संरचनाएँ सेरेब्रल कॉर्टेक्स के प्रत्येक तरफ स्थित होती हैं जो मस्तिष्क की झुर्रीदार बाहरी परत है।
  - तीसरा निलय ब्रेन स्टेम के ठीक ऊपर दाएँ और बाएँ थैलेमस के बीच स्थित एक संकीर्ण, कीप के आकार की संरचना है।
  - चौथा निलय हीरे के आकार की संरचना है जो ब्रेन स्टेम के साथ कार्य करती है।

- इसमें चार छिद्र होते हैं जिनके माध्यम से मस्तिष्कमेरु द्रव मस्तिष्क के आस-पास के क्षेत्र (सबराचनोइड स्पेस) और रीढ़ की हड्डी की मध्यनलिका में प्रवाहित होता है।
- कार्य:
  - CSF परिसंचरण: निलय मस्तिष्क की मध्य रेखा में तीसरे निलय से जुड़े हुए हैं, विशेष रूप से पार्श्व निलय। CSF इन वेंट्रिकल्स/निलय के माध्यम से प्रवाहित होता है और मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी के चारों ओर परिसंचरण करता है, जो अपशिष्ट उत्पादों को हटाने तथा बाह्य वातावरण को विनियमित करने में मदद करता है।
  - इंट्राकैनायल दबाव का विनियमन: वेंट्रिकल्स मस्तिष्क के भीतर उचित दबाव बनाए रखने में मदद करते हैं। CSF के उत्पादन, संचलन या अवशोषण में किसी भी व्यवधान से इंट्राकैनायल दबाव में असंतुलन हो सकता है, जिसके परिणामस्वरूप हाइड्रोसिफलस जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। **अतः कथन 3 सही है।**

16.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

- अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) शब्द में नागरिकों के वे सभी वर्ग शामिल हैं जो सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े हैं।
  - संविधान के अनुच्छेद 15(4) के तहत राज्य के पास किसी भी सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्ग यानी OBC की उन्नति के लिये विशेष प्रावधान करने की शक्ति है। **अतः कथन A सही है।**
    - यह शब्द "उन्नति के लिये विशेष प्रावधान" में शैक्षणिक संस्थानों में सीटों का आरक्षण, वित्तीय सहायता, छात्रवृत्ति, मुफ्त आवास आदि जैसे कई पहलू शामिल हैं।
  - अनुच्छेद 16(4) के तहत राज्य को OBC के पक्ष में नियुक्तियों या पदों के आरक्षण के लिये कानून बनाने का अधिकार है।
- वर्ष 1950 और 1970 के दशक में काका कालेलकर और बी.पी. मंडल की अध्यक्षता में क्रमशः दो पिछड़ा वर्ग आयोगों की नियुक्ति की गई।
  - काका कालेलकर आयोग को प्रथम पिछड़ा वर्ग आयोग के रूप में भी जाना जाता है। **अतः कथन C सही है।**
  - इन निर्देशों के अनुपालन में संसद ने वर्ष 1993 में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग अधिनियम पारित किया और NCBC का गठन किया।
- 102वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 2018 राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (NCBC) को संवैधानिक दर्जा प्रदान करता है। अतः कथन B सही नहीं है।
  - इसे सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों के बारे में शिकायतों तथा कल्याणकारी उपायों की जाँच करने का अधिकार प्राप्त है।
  - इससे पहले NCBC सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के तहत एक सांविधिक निकाय था।

नोट :

17.

**उत्तर:** C

**व्याख्या:**

- न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL) भारत सरकार का एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है।
  - इसकी स्थापना वर्ष 2019 में अंतरिक्ष विभाग के प्रशासनिक देख-रेख में की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- NSIL भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) की व्यावसायिक शाखा है, यह भारतीय उद्योगों को उच्च प्रौद्योगिकी अंतरिक्ष संबंधी गतिविधियों को शुरू करने में सक्षम बनाने हेतु प्राथमिक रूप से उत्तरदायी है।
- NSIL का मुख्यालय बंगलूरू में है। **अतः कथन 2 सही है।**

18.

**उत्तर:** D

- बॉन चैलेंज एक वैश्विक प्रयास है। इसके तहत विश्व की 150 मिलियन हेक्टेयर गैर-वनीकृत एवं क्षरित भूमि पर वर्ष 2020 तक और 350 मिलियन हेक्टेयर भूमि पर वर्ष 2030 तक वनस्पतियाँ उगाई जाएंगी।
  - पेरिस में UNFCCC कॉन्फ्रेंस ऑफ द पार्टीज़ (COP) 2015 में भारत भी वर्ष 2030 तक 21 मिलियन हेक्टेयर क्षरित और वनों की कटाई वाली भूमि को बहाल करने के लिये स्वैच्छिक बॉन चैलेंज प्रतिज्ञा में शामिल हुआ।
    - वर्ष 2030 तक 26 मिलियन हेक्टेयर क्षरित और वनों की कटाई वाली भूमि को बहाल करने के लिये अब लक्ष्य को संशोधित किया गया है। **अतः विकल्प D सही है।**

19.

**उत्तर:** B

**व्याख्या:**

- आदित्य-L1 मिशन सूर्य का अध्ययन करने हेतु समर्पित होगा और पृथ्वी से लगभग 1.5 मिलियन किलोमीटर की दूरी पर लैग्रेंजियन पॉइंट 1 (L1) तक उड़ान भरेगा, जो सूर्य का अवलोकन करने के लिये पाँच अनुकूल स्थानों में से एक है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - 'लैग्रेंजियन पॉइंट 1' पर स्थित कोई उपग्रह अपनी विशिष्ट स्थिति के कारण ग्रहण अथवा ऐसी ही किसी अन्य बाधा के बावजूद सूर्य को लगातार देखने में सक्षम होता है।
- अंतरिक्ष यान इलेक्ट्रोमैग्नेटिक और कण एवं चुंबकीय क्षेत्र डिटेक्टर का उपयोग करके फोटोस्फीयर, क्रोमोस्फीयर तथा सूर्य की सबसे बाहरी परतों (कोरोना) का निरीक्षण करने के लिये सात पेलोड ले जाता है।
  - भीतरी परतें कोर, विकिरण क्षेत्र और संवहन क्षेत्र हैं। बाहरी परतें फोटोस्फीयर, क्रोमोस्फीयर, संक्रमण क्षेत्र और कोरोना हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- पुणे की इंटर-यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स (IUCAA) द्वारा विकसित सोलर अल्ट्रावॉयलेट इमेजिंग टेलीस्कोप (SUIT) को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) को सौंप दिया गया है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
  - इस अद्वितीय अंतरिक्ष टेलीस्कोप को ISRO के आदित्य-L1 मिशन के साथ एकीकृत किया जाएगा जिसे अगस्त 2023 के मध्य में लॉन्च किया जाएगा।

20.

**उत्तर:** B

**व्याख्या:**

- विश्व बैंक के नवीनतम माइग्रेशन एंड डेवलपमेंट ब्रीफ के अनुसार, भारत में वर्ष 2022 में कुल प्रेषण 111 बिलियन अमेरिकी डॉलर के रूप में रिकॉर्ड-उच्च स्तर पर था, परंतु वर्ष 2023 में प्रेषण प्रवाह में केवल 0.2% की न्यूनतम वृद्धि होने का अनुमान है।
  - वर्ष 2022 में शीर्ष पाँच प्रेषण प्राप्तकर्त्ता देश "भारत, मैक्सिको, चीन, फिलीपींस और पाकिस्तान" थे। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- भारत के प्रेषण का लगभग 36% तीन उच्च आय वाले देशों क्रमश: अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम और सिंगापुर में उच्च कुशल भारतीय प्रवासियों से प्राप्त होता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - महामारी के बाद की रिकवरी ने इन क्षेत्रों में एक तंग श्रम बाज़ार का नेतृत्व किया है जिसके परिणामस्वरूप वेतन वृद्धि हुई जिसने प्रेषण को बढ़ावा दिया।

**21.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**जगन्नाथ पुरी मंदिर:**

- जगन्नाथ पुरी मंदिर भारत के ओडिशा राज्य में स्थित सबसे प्रभावशाली स्मारकों में से एक है।
  - इस मंदिर को "व्हाइट पैगोडा" के रूप में जाना जाता है और यह चार धाम तीर्थयात्राओं (बद्रीनाथ, द्वारका, पुरी, रामेश्वरम) का एक हिस्सा है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह कलिंग वास्तुकला का एक शानदार उदाहरण है जो घुमावदार शिखर, जटिल नक्काशी और अलंकृत मूर्तियों की विशेषता के लिये विख्यात है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - मंदिर परिसर ऊँची दीवारों से घिरा हुआ है तथा इसके चारों द्वार चार मुख्य दिशाओं की ओर खुलते हैं।
  - मुख्य मंदिर में चार संरचनाएँ हैं: विमान (गर्भगृह), जगमोहन (सभा कक्ष), नट-मंदिर (त्योहार कक्ष) और भोग-मंडप (प्रसाद कक्ष)।
- जगन्नाथ पुरी मंदिर को 'यमनिका तीर्थ' भी कहा जाता है, जहाँ हिंदू मान्यताओं के अनुसार, पुरी में भगवान जगन्नाथ की उपस्थिति के कारण मृत्यु के देवता 'यम' की शक्ति समाप्त हो गई है।

**22.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारत में यौन शोषण/बलात्कार से संबंधित कानून:**

- आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम 2013:
  - इस अधिनियम के तहत बलात्कार की न्यूनतम सज़ा को सात वर्ष से बढाकर दस वर्ष कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त पीड़ित की मृत्यु के मामले में न्यूनतम सज़ा को विधिवत बढ़ाकर बीस वर्ष कर दिया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम, 2012 (पॉक्सो):
  - इस अधिनियम को बच्चों को यौन अत्याचार, यौन उत्पीड़न और अश्लील साहित्य से बचाने के लिये लाया गया था।
  - POCSO अधिनियम के तहत सहमति की आयु बढ़ाकर 18 वर्ष कर दी गई (जो वर्ष 2012 तक 16 वर्ष थी) और 18 वर्ष से कम उम्र के लोगों के लिये सभी यौन गतिविधियों को अपराध की श्रेणी में सूचीबद्ध कर दिया गया, भले ही दो नाबालिगों के बीच तथ्यात्मक रूप से सहमति हो। **अत: कथन 2 सही है।**
    - बच्चे की रक्षा, सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न अपराधों के लिये सज़ा बढ़ाने के प्रावधान करने के लिये इस अधिनियम में वर्ष 2019 में भी संशोधन किया गया था।
- बलात्कार पीड़िता के अधिकार:
  - ज़ीरो FIR का अधिकार: इसका अर्थ है कि एक व्यक्ति किसी भी पुलिस स्टेशन में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करा सकता है, भले ही घटना का अधिकार क्षेत्र कोई भी हो।
  - मुफ्त चिकित्सा उपचार: आपराधिक प्रक्रिया संहिता (CrPC) की धारा 357C के अनुसार, कोई भी निजी अथवा सरकारी अस्पताल बलात्कार पीड़ितों के इलाज के लिये शुल्क नहीं ले सकता है।
  - टू-फिंगर टेस्ट का प्रावधान खत्म: चिकित्सीय जाँच करते समय किसी भी चिकित्सक को टू फिंगर टेस्ट करने का अधिकार नहीं होगा।
  - मुआवज़े का अधिकार: CrPC की धारा 357A के रूप में एक नया प्रावधान पेश किया गया है, यह पीड़ित के लिये मुआवज़े से संबंधित है। **अत: कथन 3 सही है।**

23.

उत्तर: B

व्याख्या:

- mRNA टीके mRNA या मैसेंजर RNA का उपयोग करके कार्य करते हैं जो कि अणु हैं और अनिवार्य रूप से DNA को सक्रिय रखते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- mRNA टीकों में बैक्टीरिया या वायरस का कोई भाग नहीं होता है लेकिन केवल mRNA का एक अंश होता है जो वायरल प्रोटीन से मेल खाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- कुछ mRNA टीकों को अल्ट्रा-कोल्ड स्टोरेज की आवश्यकता होती है, जैसे कि Pfizer-BioNTech COVID-19 वैक्सीन।
  - mRNA टीके जैसे कि मॉडर्न, क्योरवैक और वॉलवैक्स अन्य कोविड-19 टीकों को ऐसी आवश्यकताएँ नहीं हैं।
  - **अत: कथन 3 सही है।**

24.

उत्तर: B

व्याख्या:

**लेप्टोस्पायरोसिस:**

- लेप्टोस्पायरोसिस बैक्टीरियम लेप्टोस्पाइरा इंटरऑर्गन के कारण होता है, जो मुख्य रूप से संक्रमित जानवरों के मूत्र में पाया जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - रोग के वाहक के रूप में जंगली और घरेलू जानवरों में जैसे- कृंतक, मवेशी, सूअर और कुत्ते शामिल हैं।
- लेप्टोस्पायरोसिस में लक्षणों की शृंखला देखी जा सकती है, जो हल्के फ्लू जैसी बीमारी से लेकर जानलेवा स्थिति तक हो सकती है।
  - सामान्य लक्षणों में अचानक बुखार आना, ठंड लगना और सिरदर्द शामिल हैं, कभी-कभी इसके कोई भी लक्षण नहीं देखे जाते हैं।
  - गंभीर स्थिति में अंग शिथिलता के मामले देखने को मिल सकते हैं, जिसका यकृत, गुर्दे, फेफड़े और मस्तिष्क पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- अत्यंत दुर्लभ मामलों को छोड़कर, लेप्टोस्पायरोसिस सामान्यत: मानव से मानव में नहीं फैलता है। **अत: कथन 3 सही है।**

25.

उत्तर: C

व्याख्या:

**ओरायन तारामंडल:**

- तारामंडल अंतरिक्ष में वे क्षेत्र हैं जिसमें दृश्यमान तारों के एक समूह का कथित स्वरूप या रूपरेखा निर्मित होती है, जो सामान्यत: जानवर, पौराणिक विषय या निर्जीव वस्तुओं को प्रदर्शित करता है।
  - ये विशेष सितारों की अवस्थिति का पता लगाने में खगोलविदों और नाविकों की मदद करते हैं।
- आधिकारिक तौर पर रात्रि के समय आकाश में मान्यता प्राप्त तारामंडलों की संख्या 88 है। इन नक्षत्रों को अंतर्राष्ट्रीय खगोलीय संघ (IAU) द्वारा परिभाषित और स्थापित किया गया था।
  - अंतर्राष्ट्रीय खगोलीय संघ की स्थापना वर्ष 1919 में की गई थी, इसका मुख्यालय फ्राँस के पेरिस में स्थित है।
  - ओरायन तारामंडल:
- यह एक प्रमुख तारामंडल है जिसे पूरे विश्व में देखा जा सकता है।
  - यह आकाशीय भूमध्य रेखा पर स्थित है और इसे उत्तरी गोलार्द्ध में जनवरी से अप्रैल तक तथा दक्षिणी गोलार्द्ध में नवंबर से फरवरी तक शाम के समय आकाश में सबसे स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।
- बेटेलगेस, विशालकाय लाल तारा है जो अपने जीवन के अंत के करीब है। रिगेल के बाद ओरायन तारामंडल में यह दूसरा सबसे चमकीला तारा है। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

**26.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**पाषाण युग:**

- पुरापाषाण युग:
  - मुख्यत: यह एक शिकारी प्रवृत्ति की और खाद्य संचय करने वाली संस्कृति मानी जाती है।
  - पुरापाषाणकालीन उपकरणों में धारदार पत्थर, चॉपर, हाथ की कुल्हाड़ी, खुरचनी, भाला, धनुष और तीर आदि शामिल हैं तथा ये आमतौर पर कठोर क्वार्टजाइट चट्टान से बने होते थे।
  - मध्य प्रदेश के भीमबेटका में पाए गए शैलचित्र और नक्काशी से पता चलता है कि इस काल में शिकार एक मुख्य जीवन निर्वाह गतिविधि थी।
  - भारत में पुरापाषाण काल को तीन चरणों में विभाजित किया गया है:
    - प्रारंभिक पुरापाषाण काल (500,000-100,000 ईसा पूर्व)
    - मध्य पुरापाषाण काल (100,000-40,000 ईसा पूर्व)
    - उत्तर पुरापाषाण काल (40,000-10,000 ईसा पूर्व)
- मेसोलिथिक (मध्य पाषाण) युग (10,000 ईसा पूर्व-8000 ईसा पूर्व):
  - प्लेइस्टोसीन काल से होलोसीन काल तक संक्रमण और जलवायु में अनुकूल परिवर्तन इस युग की प्रमुख विशेषता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - मध्यपाषाण युग का प्रारंभिक काल शिकार, मछली पकड़ने और भोजन एकत्र करने का प्रतीक है।
  - पशुओं को पालतू बनाने का कार्य इसी युग में प्रारंभहुआ।
  - माइक्रोलिथ्स नामक उपकरण/औज़ार आकर में छोटे थे परंतु पुरापाषाण युग की तुलना में वे ज्यामितिक रूप से परिष्कृत थे।
- निओलिथिक (नव पाषाण) युग (8000 ईसा पूर्व-1000 ईसा पूर्व):
  - इसे पाषाण युग का अंतिम चरण माना जाता, इस युग से खाद्य उत्पादन की शुरुआत हुई। **अत: कथन 1 सही है।**
  - लंबे समय तक एक ही स्थान पर रहना, मिट्टी के बर्तनों का उपयोग और शिल्प का आविष्कार नवपाषाण युग की विशेषता है। **अत: कथन 3 सही है।**
  - नवपाषाण काल के लोग पॉलिशदार पत्थर के औज़ारों एवं हथियारों का प्रयोग करते थे। इस काल के लोग विशेष रूप से पत्थर से बनी कुल्हाड़ियों का प्रयोग करते थे। नवपाषाण काल में हथौड़ा, छेनी एवं बसुली के प्रमाण भी प्राप्त हुए हैं।
- मेगालिथिक (महापाषाण) संस्कृति:
  - महापाषाण संस्कृति में पत्थर की संरचनाओं के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं, जिनका निर्माण दफन स्थलों के रूप में या स्मारक स्थलों के रूप में किया गया था।
  - भारत में पुरातत्त्वविदों को लौह युग (1500 ईसा पूर्व से 500 ईसा पूर्व) में अधिकांश महापाषाण संस्कृतियों के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं, हालाँकि कुछ साक्ष्यों से लौह युग पूर्व (2000 ईसा पूर्व ) भी इनकी उपस्थिति के प्रमाण मिलते हैं।
  - महापाषाण संस्कृति संपूर्ण प्राचीन भारतीय उपमहाद्वीप में फैली हुई है। हालाँकि उनमें से अधिकांश स्थल प्रायद्वीपीय भारत में पाए जाते हैं, जो महाराष्ट्र (मुख्य रूप से विदर्भ), कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्यों में केंद्रित हैं।

**27.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**फोनॉन:**

- फोनॉन कंपन ऊर्जा के पैकेट हैं और इन्हें ध्वनि के क्वांटम समकक्ष माना जा सकता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- फोटॉन, जो प्रकाश ऊर्जा के पैकेट हैं, के समान फोनॉन संभावित रूप से क्वांटम कंप्यूटिंग (क्यूबिट्स) में सूचना की इकाइयों के रूप में काम कर सकते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

- शोधकर्त्ता क्वांटम कंप्यूटिंग उद्देश्यों के लिये फोनॉन में हेर-फेर और नियंत्रण करने के तरीकों की जाँच कर रहे हैं।
- इलेक्ट्रॉन्स या फोटॉन में हेर-फेर के अनुरूप फोनॉन में हेर-फेर करने के तरीकों की पहचान करना चुनौतीपूर्ण है।

**28.**

**उत्तर: c**

**व्याख्या:**

**चिंता विकार मानसिक स्वास्थ्य को संबोधित करने के लिये सरकार द्वारा की गई पहल:**

- किरण हेल्पलाइन:
  - वर्ष 2020 में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने मानसिक स्वास्थ्य सहायता प्रदान करने के लिये 24/7 टोल-फ्री हेल्पलाइन 'किरण' की शुरुआत की।
- मनोदर्पण पहल:
  - इसका उद्देश्य कोविड-19 महामारी के दौरान छात्रों, शिक्षकों और परिवार के सदस्यों को मनो-सामाजिक सहायता प्रदान करना है।
- मानस मोबाइल एप:
  - भारत सरकार ने वर्ष 2021 में सभी आयु समूहों में मानसिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिये MANAS (मानसिक स्वास्थ्य और सामान्य स्थिति संवर्द्धन प्रणाली) लॉन्च किया।
- ये तीनों मानसिक स्वास्थ्य को संबोधित करने के लिये सरकार द्वारा की गई पहल हैं। **अत: विकल्प C सही है।**

**29.**

**उत्तर: d**

**व्याख्या:**

**वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक:**

- इसे विश्व आर्थिक फोरम द्वारा जारी किया गया है।
- यह चार प्रमुख आयामों में लैंगिक समानता की दिशा में प्रगति पर देशों का मूल्यांकन करता है।
  - आर्थिक भागीदारी और अवसर
  - शिक्षा का अवसर
  - स्वास्थ्य एवं उत्तरजीविता
  - राजनीतिक सशक्तीकरण **अत: विकल्प d सही उत्तर है।**

**30.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- जीरा एक सुगंधित मसाला है जो भारतीय व्यंजनों का स्वाद बढ़ा देता है। यह महत्त्वपूर्ण मसालों में से एक है जिसका व्यापक रूप से पाक कला के साथ-साथ औषधीय प्रयोजनों के लिये उपयोग किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - ऐसा माना जाता है कि भारत में जीरा की उत्पत्ति भूमध्य सागर से हुई है। जीरा के बारे में मिस्रवासी 5,000 साल पहले जानते थे और यह पिरामिडों में पाया जाता था। **अत: कथन 2 सही है।**



**जलवायु और खेती:**

- जीरा उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय दोनों जलवायु में अच्छी तरह से बढ़ता है और यह सभी प्रकार की मिट्टी में अच्छी तरह से उगता है, लेकिन अच्छी जल निकासी वाली रेतीली दोमट मिट्टी सबसे उपयुक्त होती है।
    - यह 9° से 26° C तापमान और 30 से 270 सेमी. वार्षिक वर्षा में अच्छी तरह बढ़ता है।
  - जीरा की खेती मौसम की स्थिति के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है। इसके लिये नमी रहित मध्यम ठंडी और शुष्क जलवायु की आवश्यकता होती है, इसी कारण इसकी खेती गुजरात तथा राजस्थान के विशिष्ट क्षेत्रों तक सीमित है।
    - जीरा की खेती वाले क्षेत्र के तौर पर गुजरात में स्थित उंझा, इसकी फसल की कीमतें निर्धारित करने वाले प्राथमिक बाज़ार के रूप में उभर कर सामने आया है।
    - गुजरात, देश में प्रमुख जीरा उत्पादक राज्य है।
  - यह एक रबी फसल है, जिसकी बुवाई अक्तूबर से नवंबर तक की जाती है और इसकी कटाई फरवरी और मार्च में की जाती है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - कुल उत्पादन में लगभग 70% भागीदारी के साथ भारत विश्व भर में जीरे का सबसे बड़ा उत्पादक है। **अतः कथन 4 सही है।**

**31.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (United Nations Development Programme- UNDP) और दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (Deendayal Antyodaya Yojana-National Urban Livelihoods Mission- DAY-NULM) ने भारत में महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने हेतु समझौता किया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह परियोजना शुरुआती चरण में आठ शहरों को शामिल करेगी और वर्ष 2025 से आगे विस्तार की संभावना के साथ तीन वर्षों तक जारी रहेगी। **अतः कथन 2 सही है।**
- इस समझौते का उद्देश्य केयर इकॉनमी, डिजिटल अर्थव्यवस्था, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, अपशिष्ट प्रबंधन, खाद्य पैकेजिंग और अन्य विभिन्न क्षेत्रों में अपने स्वयं के उद्यम शुरू करने या विस्तार करने की इच्छुक महिलाओं को सहायता प्रदान करना है।

32.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

- "भारत में सबमरीन केबल लैंडिंग के लिये लाइसेंसिंग ढाँचा और नियामक तंत्र" भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI) द्वारा जारी किया जाता है। **अंत: कथन 1 सही नहीं है।**
- केबल लैंडिंग स्टेशन (CLS) 'उपस्थिति बिंदु' को वैध अवरोधन की अनुमति एवं अपेक्षित सुरक्षा अभ्यास को पूरा करने की आवश्यकता है। अंत: कथन 2 सही है।
- TRAI ने भारतीय दूरसंचार विधेयक, 2022 में "सबमरीन केबल" और "केबल लैंडिंग स्टेशन" से संबंधित एक अनुच्छेद को शामिल करने की सिफारिश की है। **अंत: कथन 3 सही है।**

33.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

- कोल इंडिया लिमिटेड (CIL) भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग के दायरे में आती है।
- भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग (CCI) को प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 के तहत कोल इंडिया लिमिटेड (CIL) के आचरण की जाँच करने का अधिकार है। **अत: कथन 1 सही है।**
- प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002, भारतीय बाज़ार में प्रतिस्पर्द्धा को नियंत्रित करता है और प्रतिस्पर्द्धा-विरोधी प्रथाओं पर रोक लगाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- प्रतिस्पर्द्धा अपीलीय न्यायाधिकरण भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग के किसी भी नियम, निर्णय या आदेश के खिलाफ अपील सुनने और विनियमित करने के लिये प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 के अनुसार बनाई गई एक वैधानिक संस्था है। **अत: कथन 3 सही है।**

34.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

**प्राचीन माया नगर की खोज**

मैक्सिको में पुरातत्त्वविदों ने युकाटन प्रायद्वीप के घने जंगल में एक महत्त्वपूर्ण खोज की है, जिसमें एक प्राचीन माया नगर के अवशेष मिले हैं।



**प्रमुख खोज:**

- ऊँचा भू-भाग: सबसे आश्चर्यजनक खोजों में से आर्द्रभूमि से घिरा एक ऊँचा भू-भाग था, जिससे वहाँ बसने के लिये चुने गए एक विशिष्ट और रणनीतिक स्थान के प्रतिरूप का पता चलता है। **अतः कथन 3 सही है।**
- मृदभांड: इस स्थल पर पाए गए मिट्टी के बर्तनों के टुकड़ों से पता चलता है कि ओकोमटुन 600-900 ईस्वी के दौरान यहाँ बसते थे।
- केंद्रीय वेदियाँ: इन्हें ला रिगुएना नदी के पास खोजा गया था, संभवतः इनका उपयोग सामुदायिक अनुष्ठानों के लिये किया जाता था।
    - केंद्रीय वेदियों से सामुदायिक अनुष्ठानों की उपस्थिति का पता चलता है, यह माया सभ्यता के दौरान जीवन के आध्यात्मिक और सांप्रदायिक पहलुओं पर प्रकाश डालती हैं।
- प्री-हिस्पैनिक बॉल गेम्स: धार्मिक प्रथा का प्रतिनिधित्व करने वाला यह खेल पूरे माया क्षेत्र में खेला जाता था।
- इस खेल में सूर्य के प्रतीक के रूप में रबर की गेंद को बिना हाथों का उपयोग किये पत्थर के घेरे से गुज़ारना शामिल था।
- शहर का पतन: संभवतः 800 से 1000 ईस्वी के बीच यहाँ महत्त्वपूर्ण परिवर्तन हुए।
    - आबादी में गिरावट, शहरी केंद्र और राजनीतिक अस्थिरता इस अवधि की प्रमुख विशेषताएँ है, यही अवधि निम्न क्षेत्रीय माया शहर के पतन का समय मानी जाती है।
    - ओकोमटुन (Ocomtún) और अन्य माया शहरों का पतन एक बड़े क्षेत्रीय पतन का हिस्सा थे जो माया सभ्यता के इतिहास में एक परिवर्तनकारी अवधि को दर्शाता है।

**माया सभ्यता:**

- माया सभ्यता के लोग मैक्सिको और मध्य अमेरिका के मूल निवासी हैं। युकाटन (Yucatán) में उत्पन्न होकर वे 250 ईस्वी के आसपास वर्तमान में दक्षिणी मैक्सिको, ग्वाटेमाला, उत्तरी बेलीज़ और पश्चिमी होंडुरास में प्रमुखता से उभरे थे।
- माया सभ्यता का उदय लगभग 250 ईस्वी में शुरू हुआ था। पुरातत्त्वविद् माया संस्कृति को शास्त्रीय काल के रूप में जानते हैं जो लगभग 900 ईस्वी तक चली थी। **अतः कथन 1 और 2 सही हैं।**
- माया सभ्यता सबसे उन्नत और प्रभावशाली संस्कृतियों में से एक थी।
    - उन्होंने लेखन, खगोल विज्ञान, गणित, कला, वास्तुकला और धर्म की जटिल प्रणालियाँ विकसित की थीं।
    - उन्होंने पिरामिडों, महलों, मंदिरों और चौक (प्लाज़ा) वाले प्रभावशाली शहर भी बनाए। हालाँकि उनके इतिहास एवं संस्कृति के अनेक पहलू रहस्यमय और अज्ञात बने हुए हैं।

**35.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

## GE का F414 इंजन

- परिचय:
    - GE का F414 इंजन एक टर्बोफैन इंजन है जिसका उपयोग अमेरिकी नौसेना 30 वर्षों से अधिक समय से कर रही है।
        - यह एक दोहरे चैनल फुल अथॉरिटी डिजिटल इंजन कंट्रोल (FADEC), छह-चरण वाला उच्च दबाव कंप्रेसर, उन्नत उच्च दबाव टरबाइन और नोजल नियंत्रण हेतु "फ्यूलड्रॉलिक" प्रणाली से युक्त है।
- **अतः कथन 1 सही है।**
    - यह असाधारण थ्रॉटल प्रतिक्रिया, उत्कृष्ट प्रकाश और स्थिरता एवं आवश्यकता पड़ने पर यह इंजन उच्च क्षमता का प्रदर्शन करता है।
    - F414 इंजन आठ देशों में सैन्य विमानों को संचालित करता है, जिससे यह आधुनिक लड़ाकू जेट हेतु एक विश्वसनीय विकल्प बन गया है।
- भारत की इंजन आवश्यकताएँ:
    - भारत के लिये विशेषकर LCA तेजस Mk2 के संदर्भ में F414 इंजन बहुत महत्त्व रखता है।

नोट :

- DRDO की एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (ADA) ने LCA तेजस Mk2 हेतु इंजन के भारत-विशिष्ट संस्करण का चयन किया है, जिसे F414-INS6 के नाम से जाना जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह रणनीतिक निर्णय भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने और विदेशी आपूर्तिकर्त्ताओं पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य को दर्शाता है।
  - इसके अलावा भारत के महत्त्वाकांक्षी पाँचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान, एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (AMCA) हेतु F414 इंजन का उपयोग किये जाने की संभावनाएँ हैं।

**LCA तेजस Mk2:**

- LCA तेजस Mk2 भारत में विकसित स्वदेशी लड़ाकू विमान का उन्नत संस्करण है।
- इसमें आठ बियॉन्ड-विज़ुअल-रेंज (BVR) मिसाइलों को एक साथ ले जाने और अन्य देशों के स्थानीय एवं उन्नत दोनों प्रकार के हथियारों को एकीकृत करने की क्षमता है। **अतः कथन 3 सही है।**
- LCA Mk2 अपने पूर्ववर्ती की तुलना में 120 मिनट की मिशन संचालन शक्ति के साथ बेहतर रेंज प्रदान करता है, जबकि LCA तेजस Mk1 के लिये यह 57 मिनट है।
- इसका उद्देश्य जगुआर, मिग-29 और मिराज 2000 के प्रतिस्थापन के रूप में काम करना है क्योंकि वे आने वाले दशक में सेवामुक्त हो जाएंगे। विनिर्माण पहले ही शुरू हो चुका है और विमान के वर्ष 2024 तक तैयार होने की उम्मीद है।

**36.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**समुद्री शैवाल**

- समुद्री शैवाल मैक्रो-एल्गी हैं जो चट्टान अथवा अन्य सब्सट्रेट से जुड़े होते हैं और ये तटीय क्षेत्रों में पाए जाते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
  - उन्हें उनके रंजकता के आधार पर क्लोरोफाइटा (हरा), रोडोफाइटा (लाल) और फियोफाइटा (भूरा) के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
- उनमें से क्लोरोफाइटा में अधिक घटक होते हैं - कार्बोहाइड्रेट, लिपिड, प्रोटीन और बायोएक्टिव यौगिक।
  - समुद्री शैवाल विटामिन, खनिज और आहार फाइबर सहित आवश्यक पोषक तत्त्वों से भरपूर होते हैं।
- जब कृषि, उद्योगों, जलीय कृषि और घरों से निकलने वाले अपशिष्ट को समुद्र में छोड़ा जाता है, तो इससे समुद्र में पोषक तत्त्वों का असंतुलन उत्पन्न होता है, इस कारण शैवाल प्रस्फुटन होता है जो समुद्री रासायनिक क्षति का संकेत है।
- समुद्री शैवाल अतिरिक्त पोषक तत्त्वों को अवशोषित करते हैं और पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित करते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**
- इनका उपयोग सुपरकैपेसिटर को विकसित करने में किया जा सकता है।
  - हाल ही में गुजरात एनर्जी रिसर्च एंड मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने समुद्री शैवाल से प्राप्त सेलुलोज़ नैनोफाइबर का उपयोग करके एक सुपरकैपेसिटर बनाया है। **अतः कथन 2 सही है।**

**37.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**एक ज़िला एक उत्पाद पहल**

- पृष्ठभूमि:
- ODOP की अवधारणा को सर्वप्रथम उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनवरी 2018 में विकसित की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह योजना राज्य के पारंपरिक उद्योगों और शिल्प, जैसे- चिकनकारी कढ़ाई, पीतल के बर्तन, मिट्टी के बर्तन, कालीन, चमड़े की वस्तुएँ आदि को पुनर्जीवित करने में सफल रही।

नोट :

- इससे प्रेरित होकर केंद्र सरकार ने इस अवधारणा को अपनाया और इसे एक राष्ट्रीय पहल के रूप में लॉन्च किया।
- कार्यान्वयन:
- खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (MoFPI) खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के लिये योजना लागू करता है।
- वस्त्र मंत्रालय ने ODOP योजना के तहत उत्पादों को प्रदर्शित करने और विक्रय करने के लिये सेंट्रल कॉटेज इंडस्ट्रीज़ कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (CCIC) के अंतर्गत राष्ट्रीय शिल्प संग्रहालय, नई दिल्ली में 'लोटा शॉप' का उद्घाटन किया।
- विदेश व्यापार महानिदेशालय ने निर्यात को बढ़ावा देने के लिये ज़िलों को निर्यात हब पहल के रूप में ONOP के साथ संरेखित किया है।
    - **अत: कथन 2 सही है।**

38.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

**भारत में मत्स्य पालन क्षेत्र की स्थिति:**

- परिचय:
    - भारत विश्व में जलीय कृषि के रूप में मछली का दूसरा प्रमुख उत्पादक है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - भारत विश्व में मछली का चौथा सबसे बड़ा निर्यातक है क्योंकि यह वैश्विक मछली उत्पादन में 7.7% का योगदान देता है। **अत: कथन 2 सही है।**
        - इसके अतिरिक्त भारत विश्व में अंतर्देशीय मछली उत्पादन में प्रथम स्थान पर और समग्र मछली उत्पादन में तृतीय स्थान पर है। **अत: कथन 3 सही है।**
    - वर्तमान में यह क्षेत्र देश में 2.8 करोड़ से अधिक लोगों को आजीविका प्रदान करता है।

39.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

**पीएम-किसान:**

- परिचय:
    - इस योजना के तहत केंद्र सरकार प्रतिवर्ष 6,000 रुपए की राशि तीन समान किस्तों में सीधे प्रत्येक भूमिधारक किसान के बैंक खाते में स्थानांतरित करती है चाहे उसकी भूमि जोत का आकार कुछ भी हो। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
        - इस योजना को फरवरी 2019 में लॉन्च किया गया था।
- वित्तपोषण और कार्यान्वयन:
    - यह भारत सरकार के 100% वित्तपोषण के साथ एक केंद्रीय क्षेत्रक योजना है। **अत: कथन 2 सही है।**
    - इसे कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है।
- लाभार्थी की पहचान:
    - लाभार्थी किसान परिवारों की पहचान की पूरी ज़िम्मेदारी राज्य/केंद्रशासित प्रदेश सरकारों की है।
- उद्देश्य:
    - प्रत्येक फसल चक्र के अंत में प्रत्याशित कृषि आय के अनुरूप उचित फसल स्वास्थ्य तथा उचित पैदावार सुनिश्चित करने के लिये विभिन्न आदानों की खरीद हेतु छोटे एवं सीमांत किसानों की वित्तीय ज़रूरतों को पूरा करना।
    - उन्हें ऐसे खर्चों को पूरा करने के लिये साहूकारों के प्रभाव से बचाना और कृषि गतिविधियों में उनकी निरंतरता सुनिश्चित करना।
- पीएम-किसान मोबाइल एप:
    - किसानों को उनकी मूल भाषा में जानकारी प्रदान करने हेतु पीएम-किसान को 'भाषिनी' के साथ भी एकीकृत किया जा रहा है। **अत: कथन 3 सही है।**
    - इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा PM-KISAN मोबाइल एप विकसित और डिज़ाइन किया गया है।

नोट :

40.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**कैनेरी द्वीप समूह:**

- स्पेन के कैनरी द्वीप समूह में अटलांटिक महासागर में एक द्वीपसमूह शामिल है। कैनरी में लास पालमास और सांता क्रूज़ डे टेनेरिफ के स्पेनिश प्रांत शामिल हैं। कैनरी द्वीप समूह का निर्माण लाखों वर्ष पहले ज्वालामुखी विस्फोट से हुआ था। **अतः विकल्प A सही है।**







नोट :

**41.**

**उत्तर:** A

**व्याख्या:**

क्रोनिक माइलॉयड ल्यूकेमिया (CML) ल्यूकेमिया के प्रकारों में से एक है जो एक रक्त-कोशिका कैंसर है जो अस्थि मज्जा (Bone Marrow) और रक्त को प्रभावित करता है। अन्य प्रकार हैं,

- एक्यूट लिंफोब्लास्टिक ल्यूकेमिया (ALL)
- एक्यूट माइलॉयड ल्यूकेमिया (AML)
- क्रोनिक लिंफोब्लास्टिक ल्यूकेमिया (CLL)

- असामान्य श्वेत रक्त कोशिकाओं, जिन्हें माइलॉयड कोशिकाएँ कहा जाता है, की अनियंत्रित वृद्धि इसकी प्रमुख विशेषता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- आमतौर पर CML धीरे-धीरे बढ़ता है और इसका निदान अक्सर क्रॉनिक चरण के दौरान किया जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

नैदानिक परीक्षण: CML का निदान आमतौर पर रक्त और अस्थि मज्जा परीक्षण के माध्यम से किया जाता है।

**42.**

**उत्तर:** D

**व्याख्या:**

- द इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट ने ग्लोबल लिवेबिलिटी इंडेक्स (Global Liveability Index) 2023 पर अपनी रिपोर्ट जारी की, जिसमें ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना ने वर्ष 2023 में रहने योग्य उत्तम शहरों की सूची में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। **अत: कथन 1 और 2 सही नहीं है।**
  - यह पाँच श्रेणियों में 173 शहरों में रहने की स्थिति का मूल्यांकन करता है, ये हैं स्थिरता, स्वास्थ्य देखभाल, संस्कृति और पर्यावरण, शिक्षा एवं बुनियादी ढाँचा।
- भारतीय शहरों में नई दिल्ली और मुंबई 141वें स्थान पर तथा चेन्नई 144वें स्थान पर है, इसके बाद अहमदाबाद और बंगलूरू क्रमश: 147वें व 148वें स्थान पर हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**Top 10 positions**

| City | Location | Rank |
|---|---|---|
| Vienna | Austria | 1 |
| Copenhagen | Denmark | 2 |
| Melbourne | Australia | 3 |
| Sydney | Australia | 4 |
| Vancouver | Canada | 5 |
| Zurich | Switzerland | 6 |
| Calgary | Canada | 7 |
| Geneva | Switzerland | 7 |
| Toronto | Canada | 9 |
| Osaka | Japan | 10 |
| Auckland | New Zealand | 10 |

Source: EIU.

नोट :

43.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री ने भारत और मिस्र के बीच द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा करने के लिये वर्ष 1997 के बाद पहली बार मिस्र का दौरा किया है।
- मिस्र की सरकार ने भारत के प्रधानमंत्री को देश के सर्वोच्च सम्मान- ऑर्डर ऑफ द नाइल से सम्मानित किया।
  - वर्ष 1915 में स्थापित 'ऑर्डर ऑफ द नाइल' मिस्र अथवा मानवता के लिये अमूल्य सेवाएँ प्रदान करने वाले राष्ट्राध्यक्षों, राजकुमारों (Princes) और उपराष्ट्रपतियों को प्रदान किया जाता है। **अतः विकल्प A सही है।**

44.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**केंद्र साहित्य अकादमी बाल साहित्य पुरस्कार 2023**

- हाल ही में प्रिया ए.एस. को उनके उपन्यास पेरुमाझायथे कुंजिथालुकल हेतु मलयालम भाषा में प्रतिष्ठित केंद्र साहित्य अकादमी बाल साहित्य पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया गया है। उपन्यास पेरुमाझायथे कुंजिथालुकल वर्ष 2018 में केरल में आई बाढ़ की पृष्ठभूमि पर आधारित है जो आपदा के दौरान विभिन्न पृष्ठभूमि के बच्चों द्वारा प्रदर्शित साहस और सहयोग को दर्शाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वर्ष 1954 में स्थापित साहित्य अकादमी पुरस्कार एक साहित्यिक सम्मान है जो भारत की राष्ट्रीय साहित्य अकादमी द्वारा प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है।
  - यह अकादमी अपनी मान्यता प्राप्त भाषाओं में साहित्यिक कृतियों के लिये प्रतिवर्ष 24 पुरस्कार देती है तथा भारत की भाषाओं में साहित्यिक अनुवाद के लिये भी इतनी ही संख्या में पुरस्कार देती है। **अतः कथन 2 सही है।**



# साहित्य अकादमी पुरस्कार

ज्ञानपीठ पुरस्कार के बाद भारत सरकार द्वारा दूसरा सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान-वर्ष 1954 में स्थापित

## प्रदान किया जाता है:

- साहित्य अकादमी – नेशनल एकेडमी ऑफ लेटर्स द्वारा

## पुरस्कार

- मान्यता प्राप्त भाषाओं में साहित्यिक कार्यों के लिये 24 पुरस्कार (8वीं अनुसूची से 22 + अंग्रेजी और राजस्थानी)
- इन्हीं भाषाओं में परस्पर साहित्यिक अनुवाद के लिये 24 पुरस्कार

## पुरस्कार के लिये मानदंड:


- लेखक के पास अनिवार्य रूप से भारतीय राष्ट्रीयता होनी चाहिये।
- पुरस्कार के लिये पात्र पुस्तक/रचना का संबंधित भाषा और साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान होना चाहिये।

## साहित्य अकादमी पुरस्कार 2022

- **भाषा सम्मान:** संबंधित भाषाओं के प्रचार, आधुनिकीकरण या संवर्धन में उल्लेखनीय योगदान के लिये दिया जाता है
  - उदय नाथ झा को सम्मानित (पूर्वी क्षेत्र में शास्त्रीय और मध्यकालीन साहित्य में बहुमूल्य योगदान) किया गया है
- **अनुवाद के लिये चुनी गई पुस्तकें:** **याद वाशेम** (एन. नल्लथम्बी), **अकुपचा कविथलु** (वरला आनंद) + 15 और



| महत्त्वपूर्ण विजेता | कार्य |
|---|---|
| अनुराधा राय | ऑल द लाइव्स वी नेवर लिव्ड ( अंग्रेजी उपन्यास ) |
| बद्री नारायण | तुमड़ी के शब्द (हिंदी काव्य पुस्तक) |
| श्री राजेंद्रन | काला पानी (तमिल उपन्यास) |
| प्रवीण बांदेकर | उजव्या सोंडेच्या बाहुल्या (मराठी उपन्यास) |
| अनीस अशफाक | ख्वाब सरब (उर्दू उपन्यास) |
| मनोज कुमार गोस्वामी | भूल सत्य (असमिया) |



### अन्य साहित्य अकादमी पुरस्कार

- **साहित्य अकादमी बाल साहित्य पुरस्कार:** बाल साहित्य में लेखक के कुल योगदान के आधार पर।
  - **2022 के विजेता – हपन माई के लिये गणेश मरांडी ( संथाली में पुस्तक )**
- **साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार:** यह 35 वर्ष और उससे कम आयु के लेखक द्वारा प्रकाशित पुस्तकों से संबंधित है।
  - **2022 के विजेता – मी संदर्भ पोखरतोय ( मराठी कविता ) के लिये पवन नलत**

**45.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- प्रमुख चोल शासक:
  - विजयालय: चोल साम्राज्य की स्थापना विजयालय ने की थी। उसने 8वीं शताब्दी में तंजौर साम्राज्य पर अधिकार कर लिया और पल्लवों को हराकर शक्तिशाली चोलों के उदय का नेतृत्व किया। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - आदित्य प्रथम: आदित्य प्रथम विजयालय साम्राज्य का शासक बनने में सफल हुआ। उसने राजा अपराजित को हराया और साम्राज्य ने उसके शासनकाल में भारी शक्ति प्राप्त की। उन्होंने वदुम्बों के साथ पांड्या राजाओं पर विजय प्राप्त की एवं इस क्षेत्र में पल्लवों की शक्ति पर नियंत्रण स्थापित किया।

- राजेंद्र चोल: यह शक्तिशाली राजराजा चोल का उत्तराधिकारी बना। राजेंद्र प्रथम गंगा तट पर जाने वाले पहले व्यक्ति थे। उन्हें लोकप्रिय रूप से गंगा का विक्टर कहा जाता था। इस काल को चोलों का स्वर्ण युग कहा जाता है। उनके शासन के बाद राज्य में व्यापक पतन देखा गया।

- विशाल राज्य को प्रांतों में विभाजित किया गया था जिन्हें मंडलम के रूप में जाना जाता था।
  - प्रत्येक मंडलम के लिये अलग-अलग गवर्नर को प्रभारी रखा गया था।
  - इन्हें आगे नाडु नामक ज़िलों में विभाजित किया गया था जिसमें तहसील शामिल थे। **अतः कथन 2 सही है।**

**46.**

**उत्तरः C**

**व्याख्याः**

- सिमलीपाल बायोस्फीयर रिज़र्व वर्ष 2009 से ही यूनेस्को वर्ल्ड नेटवर्क ऑफ बायोस्फीयर रिज़र्व का हिस्सा है। **अतः कथन 1 सही है।**
- एरेंगा खारिया और मैनकिर्डियास नाम की दो जनजातियाँ इस रिज़र्व के जंगलों में निवास करती हैं और पारंपरिक कृषि करती हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह बायोस्फीयर रिज़र्व दो अलग-अलग जैव-भौगोलिक क्षेत्रों में स्थित है: ओरिएंटल क्षेत्र का महानादियन पूर्वी तटीय क्षेत्र और दक्कन प्रायद्वीपीय क्षेत्र का छोटानागपुर बायोटिक प्रांत। **अतः कथन 3 सही है।**

**47.**

**उत्तरः A**

**व्याख्याः**

**यूकैरियोट्स और प्रोकैरियोट्सः**

- पृथ्वी पर जीवों को मोटे तौर पर कोशिकाओं के प्रकार के आधार पर प्रोकैरियोट्स और यूकैरियोट्स में विभाजित किया जाता है।
  - प्रोकैरियोट्स:
    - प्रोकैरियोट्स उन जीवों को कहते हैं जिनमें एक वास्तविक नाभिक और झिल्ली से बँधे कोशिकांग का अभाव होता है। उनकी आनुवंशिक सामग्री आमतौर पर एक गोलाकार DNA अणु, एक परमाणु झिल्ली के अंदर बंद हुए बिना साइटोप्लाज़्म में मौजूद होती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - प्रोकैरियोट्स में बैक्टीरिया और आर्किया शामिल हैं।
    - इसकी मुख्य विशेषताओं में केंद्रक या कोशिकांग के बिना छोटी, सरल कोशिकाएँ शामिल होना है।
  - यूकैरियोट्स:
    - यूकैरियोट्स ऐसे जीव हैं जिनकी कोशिकाएँ स्पष्ट रूप से एक झिल्ली के अंदर केंद्रक से युक्त होती हैं।
    - यूकैरियोटिक कोशिकाओं में विभिन्न प्रकार के झिल्ली से बँधे कोशिकांग होते हैं जैसे माइटोकॉन्ड्रिया, एंडोप्लाज़्मिक रेटिकुलम, गॉल्जीकाय तथा आंतरिक झिल्ली का एक जटिल नेटवर्क। ये कोशिकांग कोशिका के अंदर विशेष कार्य करते हैं।
    - इसकी मुख्य विशेषताओं में केंद्रक वाली बड़ी जटिल कोशिकाएँ और विभिन्न कोशिकांग शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- एंडोसिंबायोसिस:
  - एंडोसिंबायोसिस एक ऐसी प्रक्रिया है जहाँ एक जीव दूसरे जीव के अंदर रहता है और दोनों को इस संबंध से लाभ होता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**48.**

**उत्तरः C**

**व्याख्याः**

- पल्सर (Pulsating Radio Sources) एक अत्यधिक चुंबकीय घूर्णन करने वाला न्यूट्रॉन तारा है जो अपने चुंबकीय ध्रुवों से विद्युत चुंबकीय विकिरण उत्सर्जित करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - अधिकांश न्यूट्रॉन तारे पल्सर के रूप में देखे जाते हैं।

- क्वासर (Quasar), दूर स्थित आकाशगंगा (Galaxy) का सबसे चमकदार पिंड है, जिससे रेडियो आवृत्ति पर धारा (Jet) का उत्सर्जन होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - क्वासर (Quasar) ब्रह्मांड की सबसे चमकीली वस्तुओं में से एक है, इसकी रोशनी इसके आसपास की आकाशगंगा के सभी तारों की तुलना में अधिक होती है। इसकी धारा और हवाएँ उस आकाशगंगा को आकार देने में भी मदद करती हैं जिसमें यह स्थित है।

**49.**

**उत्तरः B**

**व्याख्याः**

**लैब-ग्रोन मीटः**

- लैब-ग्रोन मीट, जिसे आधिकारिक तौर पर कोशिका-संवर्द्धित मीट के रूप में जाना जाता है, उस मीट को संदर्भित करता है जो जानवरों से प्राप्त पृथक कोशिकाओं का उपयोग करके प्रयोगशाला में विकसित किया जाता है।
- प्रतिकृति बनाने और खाद्य मांस के रूप में विकसित होने के लिये इन कोशिकाओं को आवश्यक संसाधन, जैसे- पोषक तत्त्व और एक उपयुक्त वातावरण प्रदान किया जाता है।
- यह प्रक्रिया आम तौर पर बायोरिएक्टर में होती है, जिन्हें सेलुलर कल्टीवेशन प्रक्रिया में सहयोग करने के लिये डिज़ाइन किया जाता है।
- सिंगापुर ऐसा पहला देश था जिसने वर्ष 2020 में वैकल्पिक मांस की बिक्री को मंज़ूरी दी थी। **अतः कथन 3 सही है।**

**मांस उत्पादन के लिये कोशिका-संवर्धन तकनीक का महत्त्वः**

- जलवायु शमनः
  - पशुधन उत्पादन से जुड़े ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के लिये प्रयोगशालाओं में तैयार किया जाने मांस एक संभावित समाधान व विकल्प प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - खाद्य और कृषि संगठन (Food and Agriculture Organization- FAO) के अनुसार, वैश्विक मानवजनित GHG उत्सर्जन (मुख्य रूप से मीथेन और नाइट्रस ऑक्साइड के रूप में) में पशुधन उत्पादन का योगदान लगभग 14.5% है।
- भूमि उपयोग दक्षताः
  - पारंपरिक मांस उत्पादन विधियों की तुलना में कोशिका-संवर्द्धित मांस के लिये काफी कम भूमि की आवश्यकता होती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
    - वर्ष 2021 की एक रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि प्रयोगशाला में तैयार किये गए मांस में चिकन के मामले में 63% कम भूमि और सूअर के मांस के मामले में 72% कम भूमि का उपयोग होगा।

**50.**

**उत्तरः C**

**व्याख्याः**

**राष्ट्रीय अंग प्रत्यारोपण दिशा-निर्देशः**

- आयु सीमा हटा दी गईः
  - ऊपरी आयु सीमा हटा दी गई है क्योंकि लोग अब अधिक समय तक जीवित रह रहे हैं। **अतः कथन 3 सही है।**
    - इससे पहले NOTTO (राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन) दिशा-निर्देशों के अनुसार, 65 वर्ष से अधिक उम्र के अंतिम चरण के अंग विफलता वाले रोगी को अंग प्राप्त करने के लिये पंजीकरण करने से प्रतिबंधित किया गया था।
- अधिवास की आवश्यकता नहीं:
  - मंत्रालय ने 'एक राष्ट्र, एक नीति' कदम के तहत किसी विशेष राज्य में अंग प्राप्तकर्त्ता के रूप में पंजीकरण करने के लिये अधिवास की आवश्यकता को हटा दिया है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - अब कोई भी ज़रूरतमंद मरीज़ अपनी पसंद के किसी भी राज्य में अंग प्राप्त करने के लिये पंजीकरण करा सकेगा और साथ ही वहीं सर्जरी भी करा सकेगा।

नोट :

- पंजीकरण के लिये कोई शुल्क नहीं:
  - कोई पंजीकरण शुल्क नहीं होगा, जो राज्य पहले इस उद्देश्य के लिये शुल्क लेते थे, केंद्र ने उन राज्यों से ऐसा नहीं करने को कहा है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - पंजीकरण के लिये शुल्क लेने वाले राज्यों में गुजरात, तेलंगाना, महाराष्ट्र और केरल शामिल थे।
    - कुछ राज्यों में अंग प्राप्तकर्त्ता प्रतीक्षा सूची में मरीज़ को पंजीकृत करने के लिये शुल्क 5,000 रुपए से 10,000 रुपए के बीच है।

**51.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- वर्ष 1524 में महोबा के चंदेल राजवंश में जन्मी रानी दुर्गावती भारत की स्वाधीनता की प्रतीक थीं।
- दुर्गावती का विवाह गोंड राजा संग्राम शाह के बेटे दलपत शाह से हुआ और वर्ष 1550 में पति की मृत्यु के बाद उन्होंने बड़ी बहादुरी और साहस के साथ गढ़-कटंगा राज्य पर शासन किया। **अतः कथन 1 सही है।**
  - गोंड मध्य भारत की एक प्रमुख जनजाति है जो अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिये जानी जाती है।
  - गढ़-कटंगा साम्राज्य में नर्मदा घाटी का क्षेत्र और उत्तरी मध्य प्रदेश के कुछ हिस्से शामिल थे।
- रानी दुर्गावती ने 16वीं शताब्दी के मध्य में मुगल साम्राज्य के विस्तार का विरोध किया तथा अकबर के सेनापति आसफ खान और पड़ोसी मालवा के सुल्तान बाज बहादुर के विरुद्ध लड़ते हुए मज़बूत नेतृत्व का प्रदर्शन किया। **अतः कथन 2 सही है।**

**52.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**कार्बन फाइबर और टाइटेनियम:**

- कार्बन फाइबर: कार्बन फाइबर एक ऐसा पॉलिमर है जो वज़न में हल्का होने के बावजूद काफी मज़बूत माना जाता है।
  - यह स्टील से पाँच गुना अधिक मज़बूत और दोगुना कठोर हो सकता है।
  - टाइटेनियम की तुलना में मिश्रित कार्बन-फाइबर अधिक कठोर होता है और इसमें समान प्रकार की लोच नहीं होती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- टाइटेनियम: टाइटेनियम, स्टील के समान मज़बूत है पर वज़न में उससे 45% हल्का है। संयुक्त राज्य भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, यह एल्युमीनियम से दोगुना मज़बूत है लेकिन वज़न में उससे केवल 60% भारी है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - एक टाइटेनियम या मोटे स्टील का दबाव टैंक आमतौर पर गोलाकार होता है जो 3,800 मीटर की गहराई पर अत्यधिक दबाव का सामना कर सकता है, इसी गहराई पर टाइटैनिक का मलबा पड़ा है।
  - चूँकि टाइटेनियम लोचदार है, यह वायुमंडलीय दबाव में वापसी के बाद किसी भी दीर्घकालिक तनाव का अनुभव किये बिना भार की एक विस्तृत श्रृंखला को समायोजित कर सकता है। यह दबाव बलों के साथ तालमेल बिठाने के लिये सिकुड़ता है और इन बलों के कम होने पर पुनः विस्तारित होता है।

**53.**

**उत्तर : B**

**व्याख्या:**

**राज्यों को वर्ष 2023-24 के लिये पूंजी निवेश में विशेष सहायता योजना:**

- पृष्ठभूमि:
  - पूंजी निवेश/व्यय के लिये राज्यों को वित्तीय सहायता योजना, पहली बार वित्त मंत्रालय द्वारा वर्ष 2020-21 में कोविड-19 महामारी के दौरान शुरू की गई थी, जिसने राज्य द्वारा पूंजीगत व्यय को बढ़ावा दिया है।

- परिचय:
  - पिछले तीन वर्षों से पूंजीगत व्यय के लिये इसी तरह के प्रयास को जारी रखते हुए इस योजना की घोषणा केंद्रीय बजट वर्ष 2023-24 में की गई थी।
  - इस योजना के तहत राज्य सरकारों को वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान कुल मिलाकर 50-वर्षीय ब्याज मुक्त ऋण के रूप में 1.3 लाख करोड़ रुपए की विशेष सहायता प्रदान की जा रही है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - भारत के वित्त मंत्रालय के अंतर्गत व्यय विभाग ने वित्त वर्ष 2023-24 में 16 राज्यों के लिये 56,415 करोड़ रुपए के पूंजी निवेश प्रस्तावों को मंज़ूरी दे दी है। अतः कथन 3 सही नहीं है।
    - 16 राज्यों में अरुणाचल प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, मिज़ोरम, ओडिशा, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल शामिल हैं।
- भाग:
  - इस योजना के आठ भाग हैं, भाग-I 1 लाख करोड़ रुपए के आवंटन के साथ सबसे बड़ा है। यह राशि 15वें वित्त आयोग के निर्णय के अनुसार राज्यों के बीच केंद्रीय कर और कर्तव्यों में उनकी हिस्सेदारी के अनुपात में आवंटित की गई है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - योजना के अन्य भाग या तो सुधारों से जुड़े हैं या क्षेत्र-विशिष्ट परियोजनाओं के लिये हैं।

**54.**

**उत्तरः C**

**व्याख्या:**

**ART नियमन अधिनियम, 2021 की मुख्य विशेषताएँ:**

- पंजीकरण: प्रत्येक ART क्लिनिक तथा बैंक को एक केंद्रीय डेटाबेस बनाए रखते हुए भारत के बैंकों और क्लिनिकों की राष्ट्रीय रजिस्ट्री के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिये।
  - पंजीकरण पाँच वर्षों के लिये वैध है और इसे अगले पाँच वर्षों के लिये नवीनीकृत भी किया जा सकता है।
  - अधिनियम के उल्लंघन के परिणामस्वरूप पंजीकरण रद्द या निलंबित किया जा सकता है।
- शुक्राणुओं और अंडाणुओं को दान करने की शर्तें: पंजीकृत ART बैंक, 21-55 वर्ष की आयु के पुरुषों के शुक्राणुओं की स्क्रीनिंग, संग्रह और भंडारण कर सकते हैं। इसके साथ ही 23-35 वर्ष की आयु की महिलाएँ अंडाणुओं का भंडारण कर सकती हैं।
- दाता की सीमाएँ: एक अंडाणु (Oocyte) दाता को विवाहित महिला होना चाहिये, इसके साथ ही उनका अपना कम-से-कम एक जीवित बच्चा (न्यूनतम तीन वर्ष की आयु) होना चाहिये। **अतः कथन 1 सही है।**
  - एक अंडाणु दाता अपने जीवनकाल में केवल एक बार दान कर सकती है, इसके साथ ही अधिकतम सात अंडाणु पुनः प्राप्त किये जा सकते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**
- युग्मक आपूर्ति: एक ART बैंक एकल दाता से एक से अधिक कमीशनिंग दंपति (सेवाएँ चाहने वाले दंपति) को युग्मक की आपूर्ति नहीं कर सकता है।
- माता-पिता के अधिकार: ART के माध्यम से पैदा हुए बच्चों को दंपति का जैविक शिशु माना जाता है और दाता के पास माता-पिता का कोई अधिकार नहीं होता है।
- सहमति: ART प्रक्रियाओं के लिये दंपति और दाता दोनों की लिखित सूचित सहमति आवश्यक है।
- ART प्रक्रियाओं का नियमन: ART सेवाओं को विनियमित करने का कार्य सरोगेसी अधिनियम, 2021 के तहत गठित राष्ट्रीय और राज्य बोर्ड द्वारा किया जाएगा। **अतः कथन 2 सही है।**

**55.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR):**

- परिचय:
  - कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व की अवधारणा में यह दृष्टिकोण निहित है कि कंपनियों को पर्यावरण एवं सामाजिक कल्याण पर उनके प्रभावों का आकलन करना चाहिये और ज़िम्मेदारी लेनी चाहिये, साथ ही सकारात्मक सामाजिक तथा पर्यावरणीय परिवर्तन को बढ़ावा देना चाहिये।
  - कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के चार मुख्य प्रकार हैं:
    - पर्यावरणीय उत्तरदायित्व
    - नैतिक उत्तरदायित्व
    - परोपकारी उत्तरदायित्व
    - आर्थिक उत्तरदायित्व
  - कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व प्रावधान उन कंपनियों पर लागू होते हैं जिनका वार्षिक कारोबार 1,000 करोड़ रुपए एवं उससे अधिक है, या जिनकी कुल संपत्ति 500 करोड़ रुपए एवं उससे अधिक है, या उनका शुद्ध लाभ 5 करोड़ रुपए एवं उससे अधिक है।**अतः कथन 1 सही है।**
    - इस अधिनियम में कंपनियों द्वारा एक CSR समिति गठित करना आवश्यक है जो निदेशक मंडल को एक कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व नीति की सिफारिश करेगी और समय-समय पर उसकी निगरानी भी करेगी।
- CSR के अंतर्गत गतिविधियाँ :
  - कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची VII के तहत निर्दिष्ट कुछ प्रमुख गतिविधियों में निम्नलिखित शामिल हैं:
    - भुखमरी, गरीबी एवं कुपोषण का उन्मूलन करना और शिक्षा, लैंगिक समानता को बढ़ावा देना।
    - एक्वायर्ड इम्यून डेफिसिएंसी सिंड्रोम (एड्स), ह्यूमन इम्यूनोडेफिसिएंसी वायरस और अन्य विकारों से लड़ना।
    - पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करना।
    - इमारतों और ऐतिहासिक महत्त्व के स्थलों तथा कला के कार्यों की बहाली सहित राष्ट्रीय धरोहर, कला एवं संस्कृति का संरक्षण।
    - सशस्त्र बलों के शहीदों, युद्ध विधवाओं और उनके आश्रितों के लाभ के लिये उपाय करना।
    - ग्रामीण खेलों, राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त खेलों, पैरालंपिक खेलों तथा ओलंपिक खेलों को बढ़ावा देने के लिये प्रशिक्षण देना।
    - प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष या सामाजिक-आर्थिक विकास और राहत के लिये केंद्र सरकार द्वारा स्थापित किसी अन्य कोष में योगदान देना। **अतः कथन 2 सही है।**

**56.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- संयुक्त राष्ट्र के आँकड़ों के अनुसार, MSME का योगदान वैश्विक व्यवसायों में 90%, नौकरियों में 60% से 70% से अधिक तथा वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में आधा हिस्सा है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - भारत में MSME लगभग 63 मिलियन उद्यमों में 110 मिलियन से अधिक लोगों को रोज़गार प्रदान करता है।
- यह क्षेत्र भारत के 45% विनिर्मित सामानों का उत्पादन करता है तथा कुल निर्यात में 50% से अधिक का योगदान देता है। पारंपरिक से लेकर उन्नत तकनीकी वस्तुओं के उत्पादन के अतिरिक्त 8,000 से अधिक मूल्यवान उत्पादों का निर्माण भी करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - MSME भारत के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में लगभग 30% योगदान देने वाला सबसे महत्त्वपूर्ण चालक है।
- MSME के महत्त्व और अर्थव्यवस्था में उनके योगदान को पहचानने के लिये प्रतिवर्ष 27 जून को अंतर्राष्ट्रीय लघु, कुटीर एवं मध्यम उपक्रम दिवस मनाया जाता है।

**नोट :**

- अप्रैल 2017 में संयुक्त राष्ट्र ने 27 जून को लघु, कुटीर एवं मध्यम आकार के उद्यम दिवस के रूप में नामित किया। **अतः कथन 3 सही है।**
  - इस दिन का उद्देश्य सतत् विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में MSME की पूर्ण क्षमता को उजागर करने के लिये राष्ट्रीय क्षमताओं को बढ़ाना है।

**57.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- GeM विभिन्न सरकारी विभागों/संगठनों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा सामान्य उपयोग की आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं की ऑनलाइन खरीद की सुविधा प्रदान करता है।
  - यह सभी सरकारी विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्वायत्त निकायों और अन्य संगठनों के लिये खुला है।
- वर्तमान में GeM सिंगापुर के GeBIZ के बाद तीसरे स्थान पर है।
  - दक्षिण कोरिया का KONEPS विश्व का सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

**GeM के लिये नोडल मंत्रालय: वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय। अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**GeM के तहत विक्रेताओं को GeM पर सभी नए उत्पादों को पंजीकृत करते समय मूल देश का उल्लेख करना होता है। अतः कथन 3 सही है।**

**58.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**चार धाम:**

- यमुनोत्री धाम:
    - स्थान: ज़िला उत्तरकाशी
    - समर्पित: देवी यमुना
    - गंगा नदी के बाद यमुना नदी भारत की दूसरी सबसे पवित्र नदी है।
  - गंगोत्री धाम:
    - स्थान: ज़िला उत्तरकाशी
    - समर्पित: देवी गंगा
    - गंगा नदी सभी भारतीय नदियों में सबसे पवित्र मानी जाती है।
  - केदारनाथ धाम:
    - स्थान: ज़िला रुद्रप्रयाग
    - समर्पित: भगवान शिव
    - यह मंदाकिनी नदी के तट पर स्थित है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - भारत में 12 ज्योतिर्लिंगों (भगवान शिव के दिव्य प्रतिनिधित्व) में से एक।
  - बद्रीनाथ धाम:
    - स्थान: ज़िला चमोली
    - पवित्र बद्रीनारायण मंदिर
    - समर्पित: भगवान विष्णु
    - वैष्णवों के पवित्र तीर्थस्थलों में से एक। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

59.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारत में समान नागरिक संहिता (UCC) की दिशा में प्रयास:**

- सांविधिक प्रावधान:
- विशेष विवाह अधिनियम, 1954: विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के अंतर्गत किसी भी नागरिक को धर्म की परवाह किये बिना विवाह करने की अनुमति है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - भारत में विवाह, तलाक, विरासत जैसे पर्सनल लॉ विषय समवर्ती सूची (संविधान की 7वीं अनुसूची) के अंतर्गत आते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**
- UCC की सिफारिश करने वाले सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय:
- शाहबानो केस, 1985
- सरला मुदगल केस, 1995
  - **अतः कथन 2 सही है।**
- पाउलो कॉटिन्हो बनाम मारिया लुइज़ा वेलेंटीना परेरा (2019)

60.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**मुद्रास्फीति से संबंधित प्रमुख शब्दावलियाँ:**

- मुद्रास्फीति:
  - मुद्रास्फीति वह दर है जिस पर सामान्य मूल्य स्तर बढ़ता है।
  - यदि यह बताया जाता है कि जून 2023 में मुद्रास्फीति की दर 5% थी तो इसका मतलब है कि अर्थव्यवस्था का सामान्य मूल्य स्तर जून 2022 की तुलना में 5% अधिक था।
- अवस्फीति:
  - अवस्फीति उस प्रवृत्ति को संदर्भित करती है जब मुद्रास्फीति की दर कम हो जाती है।
  - यह उस अवधि को संदर्भित करती है जब कीमतें बढ़ रही होती हैं, लेकिन यह हर पिछले माह धीमी गति से रही होती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - उदाहरण स्वरूप अप्रैल में यह 10%, मई में 7% और जून में 5% थी।
- अपस्फीति:
  - अपस्फीति वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में एक सामान्य गिरावट है, जो आमतौर पर अर्थव्यवस्था में धन और ऋण की आपूर्ति में संकुचन से जुड़ी होती है। उदहारण के लिये जून 2023 में सामान्य मूल्य स्तर जून 2022 की तुलना में 5% कम थी। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- रिफ्लेशन:
  - रिफ्लेशन आमतौर पर अपस्फीति के बाद होता है क्योंकि नीति निर्माता या तो सरकारी खर्च अधिक करके और/या ब्याज दरों को कम करके आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने की कोशिश करते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

61.

उत्तर: C

व्याख्या:

- महत्त्वपूर्ण खनिज:
  - महत्त्वपूर्ण खनिज वे है जो आर्थिक विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये आवश्यक हैं, इन खनिजों की उपलब्धता में कमी तथा केवल कुछ भौगोलिक स्थानों में निष्कर्षण या प्रसंस्करण के चलते आपूर्ति शृंखला में व्यवधान पैदा हो सकता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- महत्त्वपूर्ण खनिजों के घोषणा की प्रक्रिया:
  - यह एक गतिशील प्रक्रिया है और यह समय के साथ नई प्रौद्योगिकियों, बाज़ार की गतिशीलता और भू-राजनीतिक विचारों के उभरने के साथ विकसित हो सकती है।
  - विभिन्न देशों के पास अपनी विशिष्ट परिस्थितियों और प्राथमिकताओं के आधार पर महत्त्वपूर्ण खनिजों की अपनी अनूठी सूची हो सकती है।
- भारत के महत्त्वपूर्ण खनिज:
  - खान मंत्रालय के अंतर्गत विशेषज्ञ समिति ने भारत के 30 महत्त्वपूर्ण खनिजों के एक समूह की पहचान की है।
    - ये एंटीमनी, बेरिलियम, बिस्मथ, कोबाल्ट, कॉपर, गैलियम, जर्मेनियम, ग्रेफाइट, हेफनियम, इंडियम, लिथियम, मोलिब्डेनम, नाइओबियम, निकेल, पीजीई, फॉस्फोरस, पोटाश, आरईई, रेनियम, सिलिकॉन, स्ट्रोंटियम, टैंटलम, टेल्यूरियम, टिन, टाइटेनियम, टंगस्टन, वैनेडियम, ज़िरकोनियम, सेलेनियम और कैडमियम हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
  - खान मंत्रालय में महत्त्वपूर्ण खनिजों के लिये उत्कृष्टता केंद्र (CECM) के निर्माण की भी समिति ने सिफारिश की है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - CECM समय-समय पर भारत के लिये महत्त्वपूर्ण खनिजों की सूची को अद्यतन करने के साथ खनिज रणनीति को भी अधिसूचित करेगा।

62.

उत्तर: D

व्याख्या:

- डेयरी क्षेत्र:
  - डेयरी का राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में 5 प्रतिशत योगदान है और 8 करोड़ से अधिक किसानों को प्रत्यक्ष तौर पर रोज़गार प्रदान करती है।
  - भारत दूध उत्पादन में प्रथम स्थान पर है और वैश्विक दुग्ध उत्पादन में 23 प्रतिशत तक का योगदान देता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - पिछले आठ वर्षों में दूध उत्पादन में 51.05% की वृद्धि हुई है जो वर्ष 2021-22 में 221.06 मिलियन टन तक पहुँच गया है।
  - पिछले 8 वर्षों में दूध उत्पादन में 6.1% की वार्षिक वृद्धि हुई है, जबकि वैश्विक दूध उत्पादन में 1.2% की वार्षिक वृद्धि हुई है।
  - भारत में प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 444 ग्राम प्रतिदिन है, जो विश्व के औसत 394 ग्राम प्रतिदिन से अधिक है।
- अंडा एवं मांस उत्पादन:
  - विश्व स्तर पर भारत अंडा उत्पादन में तीसरे और मांस उत्पादन में आठवें स्थान पर है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - अंडे का उत्पादन वर्ष 2014-15 के 78.48 बिलियन से बढ़कर वर्ष 2021-22 में 129.60 बिलियन हो गया है, इसमें प्रतिवर्ष 7.4% की दर से वृद्धि हो रही है।
  - मांस का उत्पादन वर्ष 2014-15 के 6.69 मिलियन टन से बढ़कर वर्ष 2021-22 में 9.29 मिलियन टन हो गया है।

नोट :

63.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**स्टार्टअप से संबंधित शर्तें:**

- डेकाकॉर्न: 10 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का वर्तमान मूल्यांकन।
- यूनिकॉर्न्स: वर्ष 2000 के बाद 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर के मूल्यांकन के साथ स्टार्टअप की स्थापना हुई। **अत: कथन 1 सही है।**
- गज़ेल: ऐसे स्टार्टअप जिनके अगले तीन वर्षों में यूनिकॉर्न बनने की सबसे अधिक संभावना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- चीता (Cheetahs): स्टार्टअप जो अगले पाँच वर्षों में यूनिकॉर्न बन सकते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

64.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**तंज़ानिया:**

- तंज़ानिया पूर्वी अफ्रीका का सबसे बड़ा देश है और इसमें ज़ांज़ीबार, पेम्बा और माफिया द्वीप शामिल हैं।
- मासाई एक खानाबदोश जनजाति है जो तंजानिया और केन्या के कुछ हिस्सों में रहती है। अफ्रीका का सबसे ऊँचा स्थान माउंट किलिमंजारो तंज़ानिया में है।
- इसके सीमावर्ती देश उत्तर में केन्या और युगांडा, पश्चिम में रवांडा, बुरुंडी और कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य तथा दक्षिण में ज़ाम्बिया, मलावी व मोज़ाम्बिक हैं।



65.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

| राज्य और केंद्रशासित प्रदेश | मुख्य त्योहार |
|---|---|
| आंध्र प्रदेश | मकर संक्रांति, उगादि अत: युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है। |
| अरुणाचल प्रदेश | लोसर, सोलंग, मोपिन, मोनपा त्योहार |
| असम | बिहू |
| बिहार | छठ पूजा |
| छत्तीसगढ़ | माघी पूर्णिमा, बस्तर दशहरा |
| गोवा | शिग्मो महोत्सव |
| गुजरात | नवरात्र, उत्तरायन (अंतर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव) **अत: युग्म 4 सही सुमेलित है।** |
| हरियाणा | बैसाखी, गुग्गा नौमी |
| हिमाचल प्रदेश | गोची, कुल्लू दशहरा |
| जम्मू एवं कश्मीर | बहु मेला |
| झारखंड | सरहुल, करम/करमा |
| कर्नाटक | करगा |
| केरल | ओणम, अडूर गजमेला |
| मध्य प्रदेश | लोकरंग महोत्सव |
| महाराष्ट्र | गणेश चतुर्थी |
| मणिपुर | याओसांग, हेइकरू, हिटोंगबा, चेईराबा |
| मेघालय | नोंगक्रेम महोत्सव |
| मिज़ोरम | चापचर कुट, |
| नगालैंड | हॉर्नबिल उत्सव, मोत्सु, मिमकुट अत: युग्म 1 सही सुमेलित है। |
| ओडिशा | रथयात्रा |
| पंजाब | लोहड़ी, बैशाखी |
| राजस्थान | गणगौर, तीज |
| सिक्किम | साकेवा, टेंडोंग ल्हो रम फाट |
| तमिलनाडु | पोंगल |
| तेलंगाना | बतुकम्मा |
| त्रिपुरा | खर्ची पूजा, नीरमहल महोत्सव अत: युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है। |
| पश्चिम बंगाल | दुर्गा पूजा |
| उत्तराखंड | माघ मेला |

**नोट :**